21 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 241

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज




# R K GROUP OF INSTITUTIONS, GARHWA

## R K NURSING COLLEGE

HOOR, GARHWA

Regn.: Jh Nurses Registration Council, Ranchi
E-mail ID : principalrkpsgarhwa@gmail.com



**ADMISSION OPEN 2025-2026**

**Courses : ANM : For Girls Only**

REQUIREMENTS : Post of Tutors.
Qlfy- 1. MSC Nursing or, BSC Nursing or, Post Basic B.Sc Nursing or Diploma in Nursing Education and Administration from any INC recognized Nursing Institute.
2. At Least 2 yrs. Professional experiences
Excellent Remuneration as per Norms. Contact No. 9431136058, 9934922931
Place: RKVS College, Sonpurawa, Garhwa.

## R.K. PUBLIC SCHOOL

**ADMISSION OPEN**
**SESSION 2025-2026 at the following Centres**

1. RK Public School, Sonpurwa, Gharwa: Class - Nursery to Std IX & XI 2. RK Public School, Unchari, Majhion : Class - Nursery to Std IX 3. RK Public School, Audhura, Banshidhar Nagar: Class - Nursery to Std IX 4. RK Public School, Hoor, Garhwa : Class - Nursery to Std V 5. RK Nursing College, Hoor, Garhwa Recognised to JNRC, Ranchi & INC, Delhi - Course: ANM 6. RKVS Sansthan, Rehla Road, Garhwa Recognised to NCTE, Bhubneshwar, Affiliated to JAC, Ranchi & NPU Med.- Course: D.El.Ed





Er. A.N. Pandey
Director
Mob. : 9431136058

NEW ADMISSION IS RUNNING
**R. K. PUBLIC SCHOOL, HOOR, GARHWA**
Principal: Pramod Kumar Jha, (Rtd. Dy. Collector)
For Admission Detail: Call - 9431136058. Enrol Now : Visit the respective schools at 10: AM

**REQUIREMENTS FOR R.K. PUBLIC SCHOOL, BANSHIDHAR NAGAR**
1. PGT- Post Graduate in the Subject and B.Ed.
2. Subject - English, Maths, Sc., Socialist, Computer Sc.
TGT - Graduation with Honours in subject with B.Ed.
Subject - English, Maths, Sc., Soc. Sc., Computer Sc.
3. PRT - Graduation with D.El.Ed - All subjects

**ATTRACTIVE SALARY IS OFFERED AS PER NORMS**
Note: Candidates having fluency in Spoken English & experience in English Medium Teaching will be preferred.

**PRINCIPAL REQUIREMENT : R. K. Public School**
Age 35 to 45, Qualification MA, B.Ed., Minimum experience 5 years, Excellent Remuneration as per Norms. Contact No. 9431136058, 9934922931

सभी संस्थानों में लाइब्रेरी, स्मार्ट, क्लासेस, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब एवं बस सुविधा उपलब्ध

# आर. पी. नर्सिंग कॉलेज, गढ़वा

INC (New Delhi) एवं JNRC (Ranchi) से मान्यता प्राप्त

**A.N.M** 2 YEARS ELIGIBILITY - INTER
**G.N.M** 3 YEARS ELIGIBILITY - INTER WITH ENGLISH
**B.Sc Nursing** 4 YEARS ELIGIBILITY - I.SC (P.B.C)



# आर. पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी कौंसिल ऑफ इण्डिया (PCI) एवं झारखण्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**D.PHARMA** (2 Years) Eligibility - I.Sc.

ADMISSION OPEN

अधिक जानकारी हेतू सम्पर्क करें:-
8603010444 8235083832
पता :- नियर हैलिपैड, कल्याणपुर, गढ़वा (झारखण्ड) 822114

Merit Based SCHOLARSHIP
पहले आओ! पहले पाओ!

## राधा पार्वती एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट

Website :- www.rpeducations.com


आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# जी-7 शिखर सम्मेलन कूटनीतिक कामयाबी का एक और अध्याय

## ■ प्रधानमंत्री ने दुनिया को समझाया आतंकवाद और आपसी सहयोग का महत्व

## ■ वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए

## ■ कुछ देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत करते हैं, दोहरी नीति से सावधान

**आजाद सिपाही विशेष**

**कनाडा के कनानस्किस में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण और जी-7 नेताओं के साथ प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर बातचीत बेहद उपयोगी रही। उन्होंने इस दौरान विचार-विमर्श में पृथ्वी की बेहतरी के लिए अपनी आकांक्षाओं को साझा किया। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश के भविष्य पर जी-7 चर्चाओं में भाग लिया, ताकि विश्व में हो रहे बदलावों के बीच इन तक सबकी पहुंच आसानी से और कम खर्च में सुनिश्चित हो सके। मोदी ने अपने संबोधन में दीर्घकालिक और हरित मार्ग के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता का उल्लेख किया। उन्होंने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी बुनियादी ढांचे पर सम्मेलन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसी भारत की वैश्विक पहलों के संबंध में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री ने विकासशील और पिछड़े देशों की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत ने उन देशों की आवाज को विश्व मंच पर लाने के विषय को अपनी जिम्मेदारी के रूप में लिया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की यह लगातार छठी भागीदारी थी। कुल मिला कर पीएम मोदी का यह भाषण उनकी कूटनीतिक कामयाबी का एक और अध्याय लिख गया, क्योंकि इसके माध्यम से उन्होंने भारत की वसुधैव कुटुंबकम की पुरानी नीति की जरूरत को एक बार फिर रेखांकित किया। जी-7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के संबोधन के क्या हैं वैश्विक मायने और यह दुनिया के लिए कितनी जरूरी है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'ग्लोबल साउथ' के हिमायती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, व्यापार और विकास जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर दुनिया के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान जो नसीहत दी, उसके वैश्विक मायने खास हैं और उन्हें समझने-समझाने की भी जरूरत है, ताकि भारत के मतदाताओं में अपने अंतरराष्ट्रीय हितों के प्रति भी जागरूकता पनपे और बढ़े।

कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि आतंक समर्थक देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी। उनका इशारा अमेरिका, कनाडा, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ के उन देशों की तरफ था, जो अमेरिकी अगुवाई में लोकतंत्र की बात तो करते हैं, लेकिन आतंकवादी समर्थक देशों को भी वित्तीय मदद देते और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दिलवाते हैं।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने यहां तक कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की पक्षपाती भूमिका पर भी सवाल खड़े दिये।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए। समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग और समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत को टुकड़े करने के स्वप्न देखता है। साथ ही पीएम मोदी ने जी-7 मंच से ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाये। प्रधानमंत्री ने जी-7 नेताओं के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी बताया और कहा कि चर्चा वैश्विक चुनौतियों और बेहतर भविष्य की आशाओं पर केंद्रित रही। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान दिए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत ह्यग्लोबल साउथह्न की आवाज को वैश्विक मंच पर पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी समझता है। ह्यग्लोबल साउथह्न शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है।



उल्लेखनीय है कि 'ग्रुप ऑफ सेवन' (जी-7) दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा और यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। हालांकि हैरत की बात तो यह है कि इसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और दूसरी सैन्य महाशक्ति रूस को जगह नहीं दी गयी है। कोढ़ में खाज यह कि इसमें रूस को पुनः शामिल किये जाने, चीन को भी लाने की जरूरत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझी, लेकिन भारत के विषय में चर्चा तक नहीं की। इससे उनकी पक्षपाती और भितरघाती मनोदशा का पता चलता है। ऐसा इसलिए कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में आशातीत उन्नति की और रूस का भरोसेमंद वैश्विक पार्टनर बना रहा। चूंकि भारत अमेरिकी इशारे पर चीन से नहीं उलझा, इसलिए वह अब अमेरिका के किसी काम का नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि भारत को देखते हुए इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे यूरोपीय संघ के देश भी अब अमेरिका को ज्यादा भाव नहीं देते। इजरायल और जापान भी इसी राह पर है, क्योंकि सबको भारत या चीन के रूप में एक मजबूत विकल्प मिल रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को घायल करने की नीति पर चल रहा है, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद, ताकि चीन भी उससे प्रसन्न रहे।

वहीं, भारत के प्रधानमंत्री मोदी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बदली मानसिकता को समझ चुके हैं। इधर, मोदी के कनाडा पहुंचते ही ट्रंप के वहां से निकल जाने के भी मायने तलाशे जा रहे हैं। यही वजह है कि शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी ने कई द्विपक्षीय मुलाकातें भी कीं। साथ ही, अमेरिका के आग्रह पर फोन पर ट्रंप से बातचीत करते हुए भारत के मामले में मध्यस्थता करने के उनके सपने को जोर का झटका धीरे से दिया। वहीं, अचानक अमेरिका पहुंचने से इनकार करते हुए उन्हें ही भारत के लिए आमंत्रित कर डाला। वो भी उसी क्वाड की बैठक के लिए, जिसमें भारत की अरुचि जगजाहिर है। इसके अलावा, उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बानीज के साथ मुलाकात की। इन बैठकों में व्यापारिक सहयोग, निवेश बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी ने ठीक ही कहा है कि उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य, स्वीकार्यता के मूलभूत सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए भारत ने समावेशी विकास का मार्ग चुना है। मोदी ने अपने संबोधन में एक स्थायी एवं हरित मार्ग के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और इस उद्देश्य की दिशा में भारत की वैश्विक पहलों जैसे कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के बारे में विस्तार से बताया।

वहीं, मोदी ने ठीक ही कहा कि एआइ अपने आप में एक ऐसी प्रौद्योगिकी है, जिसके लिए बहुत ऊर्जा की आवश्यकता है। अगर प्रौद्योगिकी-संचालित समाज की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा करने का कोई तरीका है, तो वह नवीनीकृत ऊर्जा के माध्यम से ही है। उन्होंने ठीक ही कहा कि पिछली सदी में ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धा थी लेकिन इस सदी में हमें प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग करना होगा।

खास बात यह है कि भारत और कनाडा के बीच कुछ समय से चले आ रहे राजनयिक तनाव को समाप्त करने की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल हुई। दोनों देशों ने नये उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जतायी, जिससे वीजा, वाणिज्य और अन्य सेवाएं सामान्य हो सकेंगी। इसे जी-7 सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखी जा रही है, जहां भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख और विकासशील देशों की आवाज को बुलंद किया।

जाहिर है कि जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने स्पष्ट हैं, जिससे अमेरिका और यूरोपीय देशों ने सबक नहीं ली तो वैश्विक मुस्लिम चक्रब्यूह में घिरने और पीटने से उन्हें कोई नहीं रोक पायेगा, क्योंकि रूस-चीन-उत्तरी कोरिया इसका ब्लूप्रिंट तैयार कर चुके हैं। भारत की मूक सहमति मिलते ही वज्रपात शुरू हो सकता है। वहीं अमेरिका की योजना ईरान के बाद भारत को बर्बाद करने की है, क्योंकि उसकी पहलगाम फितरत औंधे मुंह गिरी है। इसलिए इजरायल को आगे करके अमेरिका एक नया प्रयोग कर रहा है, जिससे भी मोदी प्रशासन सजग प्रतीत होता है।

---

# संस्थानों के नव निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों को समय से पूरा करें: हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ महिला महाविद्यालयों/महिला पॉलिटेक्निक के निर्माण और जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित राज्य अंतर्गत महिला महाविद्यालयों/महिला पॉलिटेक्निक संस्थानों के निर्माण और जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, चाइबासा, गिरिडीह, धनबाद, दुमका, हजारीबाग सहित अन्य जिलों में प्रस्तावित महिला महाविद्यालयों के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य योजनाओं में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। चिह्नित सभी जिलों में जल्द से जल्द महिला महाविद्यालयों के नवनिर्माण एवं जीर्णोद्धार से जुड़े कार्य निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। नये महिला महाविद्यालयों के स्थापना होने से यहां की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला महाविद्यालयों तथा महिला पॉलिटेक्निक संस्थान के नये भवनों के निर्माण कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। प्रत्येक भवनों में सेंट्रलाइज्ड वॉटर टैंक, यूटिलिटी सेंटर ग्रीन कैंपस, एनर्जी एफिशिएंसी इत्यादि पर पूरा फोकस रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवनों के चल रहे निर्माण कार्य की वजह से यहां अध्यनरत छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो ,इसका भी पूरा ध्यान रखा जाये।



बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अधिकारियों ने अवगत कराया कि रांची महिला महाविद्यालय रांची के नवनिर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्य हेतु 364 करोड़ रुपये की लागत राशि का डीपीआर बनाया गया है, वहीं महिला महाविद्यालय चाइबासा के नव निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य हेतु 281 करोड़ रुपये, आरके महिला महाविद्यालय गिरिडीह के पुराने भवन के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 8.60 करोड़ रुपये और नये भवन के नव निर्माण (जो 20 एकड़ भूमि पर की जायेगी) हेतु 242 करोड़ रुपये, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय धनबाद के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार हेतु 37.47 करोड़ रुपये (नये भवन हेतु 25 एकड़ प्राप्त भूमि पर) नव निर्माण कार्य के लिए 162 करोड़ रुपये, एसपी महिला महाविद्यालय दुमका के पुराने परिसर को ही डिस्मेंटल कर नव निर्माण हेतु 43.62 करोड़ रुपये, केवी महिला महाविद्यालय हजारीबाग के नव निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य हेतु 32 करोड़ रुपये, वाइएसएन महिला महाविद्यालय मेदनीनगर पलामू के नव निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य हेतु 29.18 करोड़ रुपये, आरडी बाजला महिला महाविद्यालय देवघर के नव निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य हेतु 23.78 करोड़ रुपये, दि ग्रैजुएट स्कूल कॉलेज फॉर विमेंस जमशेदपुर के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 16.65 करोड़ रुपये की लागत राशि की योजनाओं का डीपीआर तैयार किया गया है।

बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार, अवर सचिव सैयद रियाज अहमद, उप निदेशक डॉ विभा पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# बाबूलाल मरांडी ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने अमित शाह से नयी दिल्ली में मुलाकात की।

इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने मंत्री अमित शाह से प्रदेश एवं संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। बाबूलाल मरांडी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अमित शाह के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए दी।



---

# पश्चिम बंगाल से झारखंड आ रही बोलेरो की ट्रेलर से टक्कर, नौ बारातियों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामसोल गांव के पास हुआ, जब एक बोलेरो गाड़ी और ट्रेलर के बीच टक्कर हो गयी। मृतक सभी लोग एक बारात से लौट रहे थे। वे झारखंड के सरायकेला जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के चिरुगोड़ा गांव से बराबजार थाना क्षेत्र के अदाबना गांव बारात में गये थे। लौटते समय बलरामपुर के पास उनकी बोलेरो गाड़ी एक ट्रेलर से भिड़ गयी। हादसे में मरने वालों में 8 लोग नीमडीह थाना के लाकड़ी गांव के हैं, जबकि एक व्यक्ति रघुनाथपुर गांव का था। मृतकों के नाम हैं बीरु महतो, अजय महतो, विजय महतो, स्वपन महतो, गुरुपद महतो, शशांक महतो, चित्त महतो, कृष्णा महतो और चंद्रमोहन महतो है। बताया गया कि कुछ लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी, जबकि अन्य घायल बलरामपुर अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिये।



www.epaper.azadsipahi.in

21 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 241


राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक एससीओ की बैठक में हिस्सा लेने चीन जायेंगे



# यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है : मोदी

## ओड़िशा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

- कई योजनाओं की सौगात दी, विजन डॉक्यूमेंट जारी किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओड़िशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है। यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओड़िशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ओड़िशा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में रोड शो किया किया। उन्होंने ओड़िशा को परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नयी रेलवे लाइन शामिल हैं। रेल संपर्क बढ़ाने वाली नयी ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखायी। साथ ही मोदी ने 100 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखायी। इस दौरान ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने सरकार के एक साल पूरे होने पर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ओड़िशा में डबल इंजन सरकार से लोगों को डबल फायदा मिल रहा है। लंबे समय तक ओड़िशा के लाखों गरीब परिवार आयुष्मान योजना से बाहर थे। आज आयुष्मान भारत और गोप बंधु जन आरोग्य योजना, दोनों इंजिन यहां चल रहे हैं। इससे करीब तीन करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिलना तय हुआ है।

**सरकार वंचितों का सशक्तिकरण कर रही:** मोदी ने कहा कि हमारी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि वंचितों के सशक्तिकरण है। ओड़िशा में जनजातीय समाज रहता है। अतीत में उसे निरंतर उपेक्षा मिली। उनके हिस्से पिछड़ापन, गरीबी, अभाव आया। जिस पार्टी ने लंबे समय तक देश में शासन किया, उसने आदिवासियों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल किया। उन लोगों ने आदिवासी समाज को न विकास दिया न भागीदारी दी। नक्सलवाद और हिंसा की आग में धकेल दिया। आदिवासी क्षेत्र नक्सलवाद की चपेट में था। रेड कॉरिडोर के नाम पर बदनामी मिल रही थी। हमने आदिवासी समाज को हिंसा से निकालकर विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया है। एक तरफ हमने हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया, दूसरी तरफ आदिवासी क्षेत्रों में विकास की गंगा बहायी। आज देश में 20 से कम जिलों में नक्सली बचे हैं। जिस तेजी से कार्रवाई हो रही है, उससे बहुत जल्द आदिवासी समाज को मुक्ति मिलेगी, आतंकवाद खत्म होगा, ये मोदी की गारंटी है।

**मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिली:** देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति, ओडिशा की बेटी मुर्मू जी ने इस योजना के लिए मार्गदर्शन दिया है। इसके तहत आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी की मदद के लिए काम हो रहा है। मछुआरों के लिए पहली बार पीएम मत्स्य संपदा योजना बनायी गयी है। ये देशव्यापी है। मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिली है। 25 हजार रुपए का विशेष फंड बनाने जा रही है। इसका लाभ मछुआरों को होगा, नौजवानों को होगा।

### 'ओड़िशा आना जरूरी था, इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को मना किया'

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया। मैंने सम्मानपूर्वक कहा कि आपके निमंत्रण के लिए धन्यवाद, लेकिन मेरे लिए महाप्रभु की पवित्र भूमि पर जाना आवश्यक है। इसलिए मैंने विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि महाप्रभु के प्रति आपका प्रेम और भक्ति मुझे इस पवित्र भूमि पर खींच लायी।**



### बिहार: लालटेन-पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास : पीएम मोदी

**सीवान (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजद और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। नौजवानों ने बिहार की बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। उन्होंने कहा कि राजद बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है। राजद और कांग्रेस बिहार और निवेश विरोधी हैं। प्रधानमंत्री ने करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत को हरी झंडी दिखायी।**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक

# जेएसएससी की परीक्षा अब दो चरणों में होगी

- कैबिनेट ने दी 26 प्रस्तावों को मंजूरी
- रांची में साइकिल, ट्रैक और 4 लेन के लिए राशि मंजूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षाओं के नियमों में संशोधन संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (स्नातक स्तर) संचालन नियमावली, 2015 में आवश्यक संशोधन को स्वीकृति दी। इसके तहत जेएसएससी अब स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा दो चरणों में आयोजित करेगा। प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा ली जायेगी। अगर आवेदन 50,000 से कम होंगे, तो परीक्षा एक ही चरण में ली जायेगी। पहले 2021 में परीक्षा एक चरण में लेने की व्यवस्था थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी। इसके अलावा खूंटी में महिला कॉलेज बनाने, इचागढ़ में डिग्री कॉलेज के लिए राशि समेत कुल 26 प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

**झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड को तीन करोड़ का अनुदान:** सरकार ने झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड को हर साल तीन करोड़ रुपये अनुदान देने का फैसला लिया है। इसके अलावा झारखंड राज्य लेजिसलेटिव फोरम ऑफ एचआइवी-एड्स के गठन का निर्णय लिया गया। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर खूंटी में महिला कॉलेज स्थापना के लिए 57 करोड़ की मंजूरी दी गयी। वहीं, ईचागढ़ में डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए 38.76 करोड़ की स्वीकृति दी गयी।

**फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ रुपेय की मंजूरी:** रांची-अरगोड़ा चौक-रिंग रोड तक फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ और विवेकानंद स्कूल मोड़ से रिंग रोड तक साइकिल ट्रैक और सर्विस रोड निर्माण के लिए 301 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार ने सिपाही से लेकर जीपी स्तर तक के कर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक देने का निर्णय लिया है। पहले यह पदक केवल पुलिस पदाधिकारियों को दिये जाते थे। विशिष्ट सेवा पदकों की संख्या 10 से बढ़ाकर 21 और पुलिस पदकों की संख्या 31 से बढ़ाकर 60 कर दी गयी है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्वर्गीय उमेश कुमार सिंह के पुत्र को नौकरी में प्रोन्नति।
- उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्वर्गीय अमित कुमार के सेवा संपुष्ट को मंजूरी
- कुंदन कुमार की सेवा नियमित करने के प्रस्ताव को मंजूरी।
- झारखंड राजकीयकृत विद्यालय नियमावली को मंजूरी।
- गुरचरण सिंह सलूजा की बर्खास्तगी को बहाल रखने के प्रस्ताव को मंजूरी
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद संशोधन नियमावली को मंजूरी
- दुमका और पलामू में डिप्लोमा राजकीय फार्मेसी संस्थान के लिए 58 पद सृजित करने की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड संशोधन विनियमावली को मंजूरी
- राजपत्रित पदाधिकारियों को मोबाइल के लिए 25 हजार रुपये देने की मंजूरी।
- एनसीसी के कैडेट्स को मिलने वाले दैनिक भत्ते में वृद्धि
- कोर कैपिटल में प्रस्तावित ताज होटल निर्माण कार्य में आंशिक बदलाव को मंजूरी

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सभी जिलों के उपायुक्तों से की बात

# अतिवृष्टि में हुए नुकसान का आकलन कर विभाग को भेजें रिपोर्ट: हेमंत सोरेन

- जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ संवाद किया। उन्होंने राज्य में हो रहे भारी बारिश को देखते हुए अधिकारियों को पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से आम जनमानस को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़क, पुल-पुलिया, घर, फसल इत्यादि को हुए नुकसान का आकलन कर राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट भेजी जाये, ताकि प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा देने में किसी तरह का कोई विलंब नहीं हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखें। अतिवृष्टि को देखते हुए वॉटरफॉल, बराज इत्यादि पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉटरफॉल में आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा कर्मी भी तैनात रखें।

हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र जहां जल जमाव की स्थिति है, वहां छिड़काव कार्य करें ताकि इसकी वजह से बीमारियां उत्पन्न नो हो। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सर्प दंश (स्नेक बाइट) के भी ज्यादा मामले आते हैं, ऐसे में सभी जरूरी दवाइयां स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की शुरुआत में ही भारी बारिश हो रही है, ऐसे में यह जरूरी है कि बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से निपटने की पूरी तैयारी पहले से ही रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भारी बारिश के कारण सड़क, पुल, पुलिया से संबंधित जो भी क्षति पहुंची है उसकी शीघ्र मरम्मत हो। उन्हेंने निर्देश दिया कि किसी भी पुल या ब्रिज के धंसने का एक और मुख्य कारण अवैध बालू निकासी हो सकता है, इसकी भी जानकारी लें तथा ऐसे कार्यों पर अविलंब रोक लगायें। इस मौके पर मौके पर स्वस्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार मौजूद थे।













# हजारीबाग में 168 किलो डोडा बरामद, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र के डोडिया जंगल स्थित लंगडी महुआ के पास बने झोपड़ी में भारी मात्रा में डोडा को तस्करी करने के उद्देश्य से छुपा कर रखा था जिसे पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही तीन तस्कर को भी दबोचा है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी, जिसपर बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी हेतु ढोढिया जंगल स्थित लंगडी महुआ के समीप बना झोपड़ी के पास पहुंचा तो देखा कि एक उजला रंग का अल्टो कार सं- जेएच 02बिके 5740 लगा हुआ है और वहां पर उपस्थित तीन लोग प्लास्टिक के बोरा में भर कर डोडा को कार में लोड कर रहा है। जो पुलिस बल को देखकर इधर-उधर भागने का प्रयास करने लगा। तीन व्यक्ति को रंगे हाथ पकड लिया गया। अल्टो कार में दो प्लास्टिक के बोरा में डोडा और जंगल में बना झोपडी से आठ (08) बोरा में डोडा, कुल-10 बोरा डोडा बरामद हुआ। जिसका कुल वजन- 168.5 किग्रा है। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं-182/25 धारा 317(5)/3(5) भा न्या सं और 8/15 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया। पकडाये व्यक्तियों की पहचान शिवानंद कुमार पिता राजेन्द्र दांगी ग्राम- दैहर, रुपेश बिरहोर पिता महेन्द्र बिरहोर ग्राम- दुरागढा, दोनो थाना चौपारण, जिला- हजारीबाग चंदन कुमार पिता सुरेश महतो ग्राम-डाडी, थाना- सिमरिया, जिला- चतरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**बरामद सामान:** अल्टो कार सं-जेएच 02 बीके -5740, कुल 10 बोरा डोडा, कुल वजन- 168.5 किग्रा, एक वजन करने वाला इलेक्ट्रॉनिक मशीन, तीन एण्ड्रायड मोबाइल बरामद किया गया।

**गिरफ्तारी:** शिवानंद कुमार पिता राजेन्द्र दांगी ग्राम- दैहर, थाना- चौपारण, जिला- हजारीबाग, रुपेश बिरहोर, पिता महेन्द्र बिरहोर ग्राम दुरागढा, थाना- चौपारण, जिला- हजारीबाग, चंदन कुमार पिता सुरेश महतो ग्राम डाडी, थाना- सिमरिया, जिला- चतरा शामिल है।

**छापामारी दल:** बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, पुनि चन्द्रशेखर कुमार बरही अंचल, पुअनि अनुपम प्रकाश थाना प्रभारी चौपारण, सअनि बादल कुमार महतो, हवलदार गोपाल प्रसाद सिंह, आरक्षी सुरेन्द्र पासवान और आकाश विनय कुमार 762 चौपारण थाना शामिल थे।



## ससुर के आने के तीन दिन बाद उठा संजू का शव, ससुर ने किया अंतिम संस्कार

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भराजो में एक दिल दहला देने वाली घटना 18 जून दिन बुधवार को घटित हुआ था जब संजू कुमारी का शव संदिग्ध अवस्था में मिली थी मायकेवालों ने हत्या कर मारने का मामला थाना में दर्ज किया था और सास अनीता देवी और पति मुकेश कुमार पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद संजू के माइके वाले को सौंप दिया। मृतिका के भाई ने रणजीत कुमार और दीपक कुमार ने कहा कि जब तक घर का कोई भी परिवार नहीं आयेगा तब तक अग्निसंस्कार नहीं होगा। इसकी सूचना समाजसेवी जनप्रतिनिधि के माध्यम से मृतिका के ससुर सिकंदर प्रसाद उर्फ शाको महतो को फोन कर सूचना दी गयी जो बैंगलोर में काम करता था तब तक थाना के निर्देश पर तीन चौकीदार शव के देख रेख में लगाया गया थाना प्रभारी ने कहा कि कानून को अपने हाथ में नहीं लेना है जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी गुनहगार कानून के गिरफ्त में जल्द होगा मृतिका संजू के ससुर के भराजो पहुंचने पर लगभग 56 घंटे बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। समाचार लिखे जाने तक मृतिका के सास अनीता देवी और पति मुकेश कुमार अभी भी फरार है।

## धर्मपुर में हाथियों ने मचाया उत्पात



**टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने 12 दिनों से दहशत पूर्ण वातावरण में भीषण तबाही मचा रखा है। ग्रामीणों के फसल, अनाज, मकान आदि संपत्तियों की क्षति से तबाही का मंजर ढा दिया है। हाथी रात के अंधेरे में निकलकर लोगों के घरों में तबाही मचा रहे है। गुरुवार रात 11 बजे दो हाथियों ने धर्मपुर के मंडरियां में चार घरों और एक चारदीवारी को नुकसान पहुंचाया और अनाज को भी चट कर गये। सबसे अधिक नुकसान धर्मपुर निवासी संदीप भुइया, पिता सुरेश भुइया को हुआ। इसके घर को पुरी तरह क्षतिग्रस्त कर घर के अंदर पलंग, बक्सा, दरवाजा, खिड़की और ड्राम में रखे 50 किलोग्राम चावल को चट कर गये। वही सोए हुए संदीप भुइया की पत्नी बाल – बाल बची। वह अपनी पत्नी और अपने दो बच्चों के साथ इसी घर में सोए हुए थे। हाथी के आने के पहले हो-हल्ला सुन सभी लोग सुरक्षित दुसरे जगह चल गये थे नही तो बडी घटना घट सकती थी। इसके अलावे बगल के बावा भुइया पिता किशुन भुइया का दरवाजा और खिड़की तोड़ दिया। इसके घर में कोई नहीं था। हाथी के आते ही सभी लोग बगल के घर में चल गये थे। मुंद्री देवी, पति स्व धनेश्वर भुइया के दिवार को छेद कर चावल को खा लिया। कन्हाय भुइया के बने दुकान को तोड़ सब्जी प्याज भी बर्बाद कर दिया। इसके अलावे विवेकानंद विद्या मंदिर धर्मपुर का चारदीवारी को भी तोड़ दिया। दीपू महतो के चारदीवारी को भी तोड़ दिया। रात को वन विभाग की टीम और स्थानीय लोगो के सहयोग से हाथी को पानीमाको जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। लोग डरे- सहमे हुए हैं कि दोबारा रात को फिर से हाथी आ के जान माल का नुकसान न कर दे। लोगों ने वन विभाग से हाथी द्वारा किये गये नुकसान का उचित मुआवजे की मांग किया है।

## युवक बाढ़ के पानी में डूबा, हुआ लापता

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के कांडतरी पंचायत अंतर्गत सोनपुर गांव निवासी पूरन राणा के 30 वर्षीय पुत्र पवन कुमार राणा शुक्रवार दोपहर शिवाडीह खेल मैदान के किनारे उफनते बाढ़ में डूब गया। जिससे वह बहने लगा और देखते ही देखते नजरों के सामने से ओझल हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही परिजन समेत ग्रामीणों द्वारा ढूंढने का काम पिछले 6 घंटे से जारी है लेकिन अभी तक किसी तरह कोई सुराग नहीं मिला। बताते चलें कि बड़कागांव में बीते 3 दिनों से हो रहे लगातार मूसलाधार बारिश के कारण नदी, तालाब उफान पर है और नदियों का जलस्तर काफी बड़ा हुआ है जिस नदी में उक्त युवक डूबा उस नदी में लगभग 15 फीट पानी का बहाव जारी है। नदियों से बालू का उठाव हो जाने के कारण पानी का धारा काफी तीव्र हो गया है जिससे कोई भी व्यक्ति को पार करना काफी मुश्किल है। इसकी सूचना पाते ही उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है उक्त युवक की पत्नी और दो बच्चे है। वही उक्त घटना की जानकारी प्रखंड स्तरीय प्रशासन को भी दी गयी है लेकिन अभी तक कोई भी प्रगति नहीं देखी गयी और ना ही इसे ढूंढने के लिए समाचार लिखे जाने तक प्रशासन द्वारा कोई भी कारगर उपाय किये गये।



## 39वें अरदास कीर्तन का आयोजन आज

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर की धार्मिक संगठन श्याम शरण में आजा रे का 39वां अरदास कीर्तन शनिवार को अड्डी बांग्ला रोड स्थित ज्योति संजय जगनानी के आवास पर संध्या 7 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी पप्पू सिंह और संतोष लड्ढा ने दी। उन्होंने बताया कि इन मौके पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें भजन गायक रवि दाहिमा व कई अन्य गायक भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में श्याम भक्तों से शामिल होने की अपील की गयी है।

# वामपंथी नेता कामरेड रामनरेश कुमार को दी गयी अंतिम विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वरिष्ठ और संघर्षशील नेता कामरेड रामनरेश कुमार का गुरुवार, 19 जून 2025 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में निधन हो गया। शुक्रवार, 20 जून को उनके पैतृक गांव नगवां पंचायत, हजारीबाग सदर प्रखंड से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी, जिसमें हजारों की संख्या में जनसामान्य, राजनीतिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक शामिल हुए। नगवां स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार पूर्ण सम्मान के साथ किया गया।

पूर्व सांसद और सीपीआइ के वरिष्ठ नेता सह झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा केअध्यक्ष कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर लाल झंडा ओढ़ाकर श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। अंतिम यात्रा के दौरान उन्होंने अर्थी को कांधा दिया और कामरेड रामनरेश अमर रहें, लाल सलाम, तुम्हारे अरमानों को मंजिल तक पहुंचायेंगे जैसे नारों के साथ विदाई दी।

कामरेड भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि कामरेड रामनरेश कुमार का सम्पूर्ण जीवन मजदूर, गरीब, असंगठित श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा। हजारीबाग में वे रिक्शा चालक, मोटिया मजदूर, नगरपालिका कर्मचारियों के बीच एक सशक्त और विश्वसनीय नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रसिद्ध थे। उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें एटक का जिला अध्यक्ष भी बनाया गया था। वे एक जुझारू आंदोलनकारी नेता थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन श्रमिक वर्ग के हक-अधिकारों के लिए संघर्ष में बिताया।

कामरेड रामनरेश कुमार का निधन केवल सीपीआइ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के जनांदोलन और श्रमिक वर्ग के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका संघर्षमय जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सीपीआइ झारखंड राज्य परिषद कामरेड रामनरेश कुमार को क्रांतिकारी लाल सलाम अर्पित करती है और उनके अधूरे सपनों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प दोहराती है।

उनकी अंतिम यात्रा में सीपीआइ राज्य सचिव कामरेड महेंद्र पाठक, कामरेड कृष्ण कुमार, कामरेड शंभु कुमार, कामरेड महेंद्र राम, कामरेड निजाम अंसारी, कामरेड मजीद अंसारी, कामरेड इम्तियाज अंसारी, कामरेड अनिरुद्ध प्रसाद, नेमन यादव, सुदेशी पासवान, अनंत कुमार आर्या, अर्जुन मेहता, नगवां मुखिया विनय कुमार, सदर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश कुमार मेहता, सीपीएम जिला सचिव गणेश कुमार (सीटू), तथा खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम सहित कई अन्य सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विधायक ने किया जोरदाग विद्यालय का निरीक्षण



**केरेडारी।** विधायक रोशनलाल चौधरी ने जोरदाग गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का दौरा किया। विद्यालय के भवन को त्रिवेणी कंपनी द्वारा तोड़ने की सूचना के बाद पहुंचे विधायक को ग्रामीणों ने बताया कि रात में स्कूल के कमरों से बेंच-डेस्क निकाला जा रहा था। ग्रामीणों के विरोध के बाद यह काम रोका गया। विधायक ने घटनाक्रम की निंदा की। बता दें कि करीब छह माह पहले ही दो करोड़ के खर्च से स्कूल की चहारदीवारी का निर्माण और भवन का जीर्णोद्धार किया गया था। इसके अलावा नल-जल योजना के तहत 14 करोड़ की लागत से जल मीनार का निर्माण भी स्कूल के बगल में किया जा रहा है। कंपनी इस स्कूल को अन्यत्र शिफ्ट करना चाहती है। वह जगह छोटी और ट्रांसपोर्टिंग की सड़क के बगल में है। वहां बच्चे सुरक्षित नहीं रह सकते हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, मंडल महामंत्री नरेश कुमार महतो, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष पंकज शाह, उपेंद्र सिंह, बाल गोविंद सोनी, उदय लाल गुप्ता, मुकेश वर्मा, राजेंद्र यादव, मनोहर साहू, भोला महतो, प्रेमचंद महतो, चंद्रिका रजक सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिजली विभाग का बड़ा अभियान, 466 जगहों पर छापेमारी

# 109 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज, 13.69 लाख की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा जिले में बिजली चोरी और बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग का डंडा लगातार चल रहा है। जून माह में पूरे जिले में अब तक कुल 466 स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है। इसमें 109 उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है और कुल मिलाकर 13,69,039 की वसूली की गयी है। यह वसूली जुर्माना और बकाया दोनों मिलाकर की गयी है। कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार ने बताया कि विभागीय टीम लगातार सक्रिय है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। 18 जून को जिले के झुमरी तिलैया, कोडरमा और डोमचांच में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया गया।जिसमे झुमरीतिलैया में 52 स्थानों पर छापेमारी हुई, 10 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज हुई। कोडरमा में 28 जगहों पर छापा, 7 पर प्राथमिकी। डोमचांच में 32 छापेमारी, 8 पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। इस दिन कुल 3,68,000 की राशि वसूली गई, जिसमें 2,20,232 बकाया और 86,386 जुर्माना शामिल है। अभियान का नेतृत्व एसडीओ गजेंद्र टोप्पो (झुमरीतिलैया), संदीप कुमार (कोडरमा) और प्रशांत कुमार (डोमचांच) ने किया। जून महीने की पहली बड़ी कार्रवाई 6 जून को हुई थी, जब जिलेभर में कुल 114 स्थानों पर छापा मारा गया। इस दौरान 27 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और कुल 3,58,836 की वसूली हुई थी। जून महीने में अब तक कुल 466 स्थलों पर हुई जिसमे कुल प्राथमिकी 109 लोगो पर हुई जिसमें कुल वसूली 13,69,039 बकाया 10,21,732 था व जुर्माना 3,47,307 वसूला गया।

## उड़नदस्ता दल करेगा जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि प्रकाश सिंह ने जिले में जन वितरण प्रणाली दुकानों में खाद्यान्न, धोती-साड़ी, नमक, चीनी आदि के वितरण में संभावित गड़बड़ियों को ध्यान में रखते हुए उड़नदस्ता दल का गठन किया है। इस दल में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य अधिकारी सम्मिलित होंगे। यह उड़नदस्ता दल नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच करेगा। जांच के दौरान दुकानों की स्थिति, ई-पॉश मशीन, वजन मशीन, पंजी संधारण, खाद्यान्न स्टॉक, वितरण प्रक्रिया, सूचना पट्ट और फ्लेक्स प्रदर्शन आदि का निरीक्षण किया जायेगा। साथ ही लाभुकों से संवाद कर उनकी समस्यायें भी सुनी जायेंगी। उक्त टीम राज्य खाद्य निगम के गोदामों की भी जांच करेगी और भंडारण व्यवस्था, एसओपी के अनुसार संचालन, स्टॉक सत्यापन और उठाव प्रक्रिया की जांच की जायेगी। यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो संबंधित दुकानदार गृहस्थ अथवा संबंधित अधिकारी पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## हरली समाज ने लिया कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय, किया गया कमेटी का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हरली पूजा समिति के नेतृत्व में संपूर्ण ग्रामीणों की बैठक महेंद्र महतो की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में संपूर्ण ग्रामीण से बारी –बारी करके विचार लिए गए जिसमें सभी ने एक स्वर में कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय पारित किया। जिसको लेकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, सचिव किशन राणा, कोषाध्यक्ष धनेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष संतोष कुमार राणा उपसचिव विक्की कुमार साहू को बनाया गया वहीं 11 सदस्य संयोजक मंडल का गठन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव कोषाध्यक्ष सबुर महतो, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, पूजा समिति सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष केशवनाथ महतो, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, भागिनाथ महतो, शिवदयाल महतो, राम सुंदर महतो, भुनेश्वर साव, कुलेश्वर महतो, पप्पू कुमार, नरेश कुमार, प्रेम भारती, नागेश्वर महतो, सेवंती कुमारी, प्रोफेसर अवधेश महतो, प्रसाद महतो, कार्तिक महतो, बाबूलाल महतो, दामोदर कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हाइवाल गिरने से सीसीएल कर्मी की मौत

**चरही/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र की परेज पूर्वी उत्खनन परियोजना में गुरुवार की देर शाम खदान में हाईवाल गिरने से एक सीसीएलकर्मी की मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि परेज परियोजना में सीनियर ओवरमैन पद पर कार्यरत युगल कुमार महतो द्वितीय पाली ड्यूटी खदान में कर रहे थे। खदान में दोपहर में ब्लास्टिंग किया गया था। जिसके कारण हाईवाल कमजोर पड़ गया था। वहीं दूसरी ओर लगातार बारिश के कारण उपर से हाईवाल गिर गया। जिसके चपेट में आकर युगल महतो बूरी तरह से जख्मी हो गये। घायल अवस्था में उन्हें प्रेमनगर चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें नई सराय अस्पताल रेफर कर दिया गया। नयी सराय अस्पताल में जांच करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने मासीपीढ़ी की जलजमाव समस्या का लिया संज्ञान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लगातार हो रही मूसलधार वर्षा के बीच हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी तरह सक्रिय और सजग नजर आये। मासीपीढ़ी क्षेत्र में रांची-पटना मुख्य मार्ग पर भारी जलजमाव की समस्या के समाधान हेतु विधायक प्रदीप प्रसाद वर्षा के बीच हाथों में छाता लिए स्थल पर उपस्थित हुए और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलवाया। तत्पश्चात, जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क पर एकत्रित जल का निकासी कार्य कराया गया, जिससे आवागमन कर रहे नागरिकों को बड़ी राहत मिली। मुख्य मार्ग पर जलभराव के कारण आम जन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक के त्वरित हस्तक्षेप और तत्परता से आमजन ने राहत की सांस ली तथा उनके सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनता की सेवा ही मेरा धर्म है। वर्षा हो या धूप, जनसमस्याओं के समाधान हेतु हमेशा जनता के बीच रहना ही मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी स्थिति पुनः उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी समाधान की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## उप विकास आयुक्त रवि जैन ने संभाला पदभार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त रवि जैन ने अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें यह पदभार उपायुक्त सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने श्री जैन को उनके नवीन दायित्वों के निर्वहन हेतु शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ जिले के समग्र विकास को नयी दिशा प्रदान करेंगे। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेंदु सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोडरमा घाटी में 80 लाख के सोना लूट मामले का खुलासा, पांच गिरफ्तार

### सोना बरामद, घटना में प्रयुक्त दो वाहन भी जब्त

संजीव/ अमित



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** कोडरमा पुलिस ने घटना के महज 48 घंटे में ही 80 लाख का सोना लूट मामले का खुलासा करते हुए लूटे गये सोना को बरामद करते इस कांड में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो वाहन भी जब्त किया है। पकड़े गए सभी आरोपी बिहार के हैं। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि कोडरमा थाना क्षेत्र के रांची-पटना रोड स्थित कोडरमा घाटी में बीते 15 जून को बिहार के एक व्यक्ति से लगभग 80 लाख रुपए के सोना लूट का मामला हुआ था। उन्होंने बताया कि सारण (बिहार) के रहने वाले दीपक गुप्ता नामक एक व्यक्ति जो 15 जून को कोलकाता से लगभग 800 ग्राम सोना लेकर जा अपने घर बिहार जा रहे थे। इसी बीच कोडरमा घाटी में उनकी गाड़ी खराब हो गयी और कुछ अपराधियों द्वारा उनके सोने जिसकी कीमत लगभग 80 लाख रुपए थे उसे लूट कर ले भागे। जिसके पश्चात कोडरमा थाना में उनके द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में मामला दर्ज किया गया। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसके पश्चात झारखंड और बिहार के अलग-अलग जगहों पर पुलिस द्वारा छापेमारी शुरू कर दी गयी। इसी क्रम में झारखंड और बिहार राज्य के सीमा क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी, रतनपुर मोड के पास से भाग रहे एक संदिग्ध वाहन (बी आर 27वयू 9580) का छापेमारी दल द्वारा पीछा कर वाहन को रोका गया। जिसके पश्चात उक्त वाहन में सवार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान पकड़ाये गये एक अभियुक्त नितीश कुमार के द्वारा बताया गया कि 15 जून को वे अपने भतीजे विक्रम कुमार और भांजे सोनु कुमार उर्फ सौरभ कुमार को कोडरमा रेलवे स्टेशन लेने आया था। वापस अपने घर रजौली जाने के क्रम में कोडरमा घाटी में उक्त बच्चों को उल्टी होने लगा। जिसको लेकर उसने अपनी गाड़ी को घाटी में रोका। जहां उसने देखा कि वहां पर पहले से एक खराब गाड़ी पड़ी हुई थी और उसमें सवार लोग गाड़ी ठीक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच नितीश के भांजे का मोबाईल वहां पर गिर गया। खोजबीन के क्रम में उसे दीपक गुप्ता की गाड़ी में सोने के बिस्किट होने की जानकारी मिली। यह देख उसके मन मे लालच गया और इसकी जानकारी अपने सहयोगी मो. कासीम उर्फ गोरे, सोनु कुमार और अमन कुमार को दिया और सोने को लूटने की साजिश रच डाली। जिसके पश्चात उक्त सभी लोग वहां पहुंचे और दीपक गुप्ता के साथ मारपीट की और सोने को लूट कर वहां से फरार हो गये। इधर पकड़ाये गये व्यक्तियों की जब बारी-बारी से तलाशी ली गयी तो मो. कासीम उर्फ गोरे के पास से 673.7 ग्राम वजन के सोने का बिस्किट (करीब 70 लाख) को बरामद किया गया। मामले में लिप्त रजौली बिहार निवासी अमन कुमार (उम्र 21 वर्ष पिता राजेश कुमार चौधरी), सोनु कुमार (उम्र 23 वर्ष पिता अनील प्रसाद यादव), नितीश कुमार (उम्र 26 वर्ष पिता स्व रामनाथ सिंह), मो. कासिम (उम्र 26 वर्ष पिता स्व. अमीनउद्दीन) और टिंकू कुमार (उम्र 30 वर्ष पिता स्व कृष्णा सिंह) को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस कांड में उनके द्वारा इस घटना को अंजाम देने हेतु प्रयुक्त किए, एक सफेद रंग की अर्टिगा कार, एक सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी कार को जब्त किया गया है। मौके पर एसडीपीओ अनिल कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान, टीम के एसआई प्रेम कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। एसपी अनुदीप सिंह ने घटना के महज 48 घंटे के अंदर उद्भेदन और गिरफ्तारी को लेकर टीम में शामिल सभी लोगों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। अधिकारियों को 2000 सशस्त्र बलों को 1000 देने की घोषणा की।

## सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र, जयनगर के तत्वावधान में सरमाटांड गांधी खेल मैदान में 64 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, प्रमुख अंजू कुमारी, मुखिया सविता देवी मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ राधा सिंह ने फुटबॉल को किक मारकर किया। मुख्य अतिथि बीडीओ गौतम कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे राज्य के कई बच्चों ने खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रौशन किया है। कार्यक्रम को प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद, बीपीओ राधा सिंह, मुखिया सविता देवी आदि ने संबोधित किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विजेता बना। अंडर-15 बालक वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल लतबेधवा विजेता बना। अंडर-17 बालक वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल लतबेधवा प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान आर.के. + 2 हाई स्कूल जयनगर बना। विजेता उपविजेता टीम को अतिथियों के द्वारा को शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन में मुखिया प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद यादव, विकास यादव, सुजीत यादव, नीरज कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, विकास राम, अजय राणा, सकलदेव राम, नागेश्वर प्रसाद साव, सहायक अध्यापक जिला अध्यक्ष वीरेंद्र राय, जिला महासचिव दामोदर यादव, प्रतिभा शर्मा, सुजीत कुमार सिन्हा, नलिन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साव, सीताराम कुमार सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## 36 घंटों के मूसलाधार वर्षा टंडवा औद्योगिक नगर को किया अस्त-व्यस्त



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र मानसून के आने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार 36 घंटे से वर्षा हो रही है, जिससे टंडवा औद्योगिक नगरी में जनजीवन को प्रभावित किया है। घणा वर्षा होने के कारण टंडवा चुन्दुरू नदी,गेरूआ नदी, पीपा पुल और छोटी-छोटी नदियां कच्ची ग्रामीण सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है।बीते 19 जून को चतरा जिला में मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी किया गया था। लगातार तीन दिनों से घर में लोग दुबके हुए है।टंडवा चुन्दुरू नदी,गेरूआ नदी, पीपा पुल में बाढ़ की समागम देखने के लिए भीड़ उमड़ रही थी।जिला प्रशासन के निर्देशों को भी राहगीरों ने टंडवा पीपापुल में बाड़क पार करने की बड़ी गलती किया।हालांकि लोगों ने रेस्क्यू कर बचा लिया गया। वहीं चुन्दुरू मंदिर के मुख्य द्वार तक बाढ़ पहुंच गई।नक्काशी दार चट्टानों में बने शिवालय जाने के लिए लोहे का बनी सीढी रेलिंग को पानी की बहाव से क्षतिग्रस्त हो गए।मंदिर प्रबंधन समिति के लोगों शिवालय में पूजा न करने की अपील किया गया है। वहीं कोल परियोजना मगध आम्रपाली में कोयला उत्पादन कार्य प्रभावित रहा। सरकारी गैर सरकारी विद्यालय बंद रहा।वर्षा होने से किसानों की चेहरों में मुस्कान आई है।खरीफ फसलों की बुआई के दुकानों में खरीदारी शुरू कर दिया गया है।

## मिट्टी का घर गिरा, दुधमुंहे बच्चे की मौत

टंडवा (आजाद सिपाही)। लगातार मूसलाधार बारिश ने एक मासूम की जिंदगी चली गई।थाना क्षेत्र के लेंबुआ गांव निवासी राहुल भुइया उर्फ कैला भुइया का खपरैल मिट्टी का घर अचानक गिर गया। जिसके चपेट में राहुल का दो वर्षीय पुत्र मासूम आ गया और उसकी मौत हो गई।घटना के बाद परिजन में चीख चीत्कार से पूरा गांव गम का माहौल है।घटना के उपरांत पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार पहुंचे और दुखित परिवार को ढाढस बंधाया तथा मदद का भरोसा दिलाया।

## भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण केंद्र में योग दिवस आज

कुजू (आजाद सिपाही)। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण केंद्र (जीएसआई) नयामोड़ (कुजू) में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसकी जानकारी नोडल ऑफिसर ओमनाथ साहा ने दी। उन्होंने बताया कि योग दिवस के मौके पर प्रसिद्ध भू-पर्यटन स्थल, दूधी नाला, हजारीबाग में विशेष कार्यक्रम के बाद ट्रेनिंग सेंटर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग सत्र का नेतृत्व डॉ परिणीता सिंह और प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञ उत्तम सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप महानिदेशक अखौरी विश्वप्रिया शामिल रहेंगे। इस कार्यक्रम में जीएसआई झारखंड के 115 अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जायेगा।

## सीसीएल कर्मी और अधिकारी भी अब यूनिफॉर्म में जायेंगे ड्यूटी

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल मुख्यालय द्वारा सीसीएल कर्मियों व अधिकारियों के लिए ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड लागू किया गया है। जिसके तहत सभी सीसीएल कर्मियों व अधिकारियों को अपने यूनिफॉर्म की खरीदारी के लिए उनके खाते में 12 हजार 5 सौ रुपए की राशि भुगतान की गई है। ताकि जुलाई माह से सभी अपने ड्रेस कोड के साथ ड्यूटी बजा सके। ड्रेस कोड के तहत पुरुष कर्मियों को लाइट स्काई ब्लू फॉर्मल शर्ट और डार्क नेवी ब्लू फॉर्मल पेंट में होना है। जबकि महिलाएं के लिए लाइट स्काई ब्लू कुर्ता या कमीज तथा डार्क नेवी ब्लू सलवार और दुपट्टा या लाइट स्काई ब्लू साड़ी जिसमें डार्क नेवी ब्लू बॉर्डर और ब्लाउज में होना है। जुलाई महीने से लागू होने वाले ड्रेस कोड योजना के तहत कर्मियों व अधिकारियों को साल में 3 सेट की किसी भी ब्रांडेड कंपनियों के रेडीमेड कपड़े अथवा पीस की खरीदारी कर सिलवाने की बात कही गयी है। जिसके लिए 14 जुलाई तक ड्रेस की खरीदारी कर जीएसटी बिल प्रबंधन को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें प्रतिमाह ड्रेस धुलाई के लिए मासिक धुलाई भत्ता भी मिलने की बात कही गयी है। जिसके तहत कोयला कर्मियों को 187 रुपए 50 पैसे तथा नर्सिंग स्टाफ को 218 रुपए 75 पैसे प्रति माह धुलाई भत्ता हर माह भुगतान किया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन द्वारा रामगढ़ व हजारीबाग क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत 12154 अधिकारियों व कोयला कर्मियों के खातों में लगभग 15 करोड़ 20 लाख रुपए ट्रांसफर किया गया है। जिनमें रामगढ़ जिले के कुजू क्षेत्र के 2360, अरगड्डा क्षेत्र के 2141, बरका सयाल क्षेत्र के 3384 और रजरप्पा क्षेत्र के 1199 सहित हजारीबाग क्षेत्र के 3070 सीसीएल कर्मियों व अधिकारियों को ड्रेस खरीदने की राशि बैंक अकाउंट में सीसीएल प्रबंधन द्वारा भेजा गया है। इसके बाद सीसीएल अधिकारी व कर्मी अपने-अपने यूनिफॉर्म की खरीदारी करने में जुट गये हैं।

## मूसलाधार बारिश से ध्वस्त हुए कोची पुल का सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने निरीक्षण किया



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला में लगातार चार दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण कई पुल पुलिया बह गए । चितरपुर सिकनी मार्ग में कोची नाला का पुल भी भारी बारिश के कारण बह कर ध्वस्त हो गया है । जिसकी सूचना मिलने पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल पुल का निरीक्षण करने पहुंचे।सांसद प्रतिनिधि वहां पहुंचकर ग्रामीणों से भी बात किया और क्षतिग्रस्त पुल का जायजा लिया। उन्होंने वहीं से इसकी जानकारी हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल को दी, सांसद के निर्देश पर तुरंत कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रामगढ़ से बात कर टीम भेजकर इसका जायजा लेने को कहा साथ ही साथ आवागमन हेतु तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा ।ज्ञात हो कि यह पुल लगभग तीन दशक पहले तत्कालीन विधायक अर्जुन राम महतो के विधायक मद से बना था। लेकिन भारी बारिश के कारण यह पुल बह गया।निरीक्षण के क्रम में जायसवाल ने कहा कि भारी बारिश से पूरे जिले में जितने भी पूल पुलिया बहे है कच्चे मकान गिरे है,सभी जगहों में हमलोग जाकर निरीक्षण करेंगे वहां लोगों का मदद करने का प्रयास करेंगे, जायसवाल ने कहा कि माननीय सांसद के निर्देश पर पर हमलोग जायजा लेकर लोगो का मदद करने का प्रयास करेंगे ।निरीक्षण में जायसवाल के साथ दुलमी मंडल सांसद प्रतिनिधि बिक्की महतो,गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा,सूरज वर्मा,रवि हाजरा,जलेश्वर महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे ।

## नदी में बाढ़ आने से बच्चों व शिक्षकों का विद्यालय पहुंचना बंद

चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत में भारी बारिश से नदी में आयी पानी की तेज बहाव के कारण कई विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ साथ शिक्षक विद्यालय तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। नदी में पुल नहीं होने कारण गांव टापू बन गया है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अलवार, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रेंगनियातरी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पचम्बा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक पहुंचने के लिए बच्चों को नदी पार कर जाना पड़ता है। जिसमें अलवार डबठी शाले नदी, रेंगिनियातरी नदी, इचाक नदी, टटेज नदी से होकर बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय जाते हैं। इन नदियों में बाढ़ आ जाने के कारण उलवार, रेंगनियातरी, पंचम्बा, इचाक, रजवार,नावाडीह, टटेज गांव के बच्चे प्रभावित हो जाते हैं। कई गांव के ग्रामीणों द्वारा सरकार से पक्की सड़क और नदी में पुल बनाने की मांग किया गया है।

### एसपी कार्यालय परिसर में आइजी ने साइबर थाना का किया उद्घाटन

# ऑनलाइन ठगी होने पर साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज करायें





आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी कार्यालय परिसर के उपरी तल्ले में शुक्रवार को साईबर थाना का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गडिदेशी और एसपी अजय कुमार ने संयुक्त रूप से शिलापट अनावरण व फीता काटकर किया। इससे पूर्व एसपी अजय कुमार ने उनके आगमन पर बुके देकर उनका स्वागत किया। वहीं, पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर मंटू यादव ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उदघाटन के बाद आईजी ने साईबर अपराध थाना का निरीक्षण करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिये।

**मुख्यालय डीएसपी होंगे साइबर थाना के प्रभारी :** उन्होंने बताया गया कि साईबर थाना के प्रभारी मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स को प्रतिनियुक्ति किया गया है।

**आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक :** आईजी क्रांति कुमार गडिदेशी ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी थाना व ओपी प्रभारियों को अपराध पर अंकुश लगाने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने को कहा।

**ये थे उपस्थित :** बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स, पतरातू डीएसपी गौरव कुमार गोस्वामी, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह, रजरप्पा थापा प्रभारी कृष्ण कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी के अलावे विभिन्न थाना व ओपी प्रभारी शामिल थे।

## साइबर थाना खुलने से आम लोगों का ऑनलाइन उत्पीड़न रुक सकेगा: आइजी

मौके पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि साईबर अपराध थाना में साईबर हैकिंग, डाटा चोरी, ऑनलाइन उत्पीड़न व डिजीटल अपराध मामलों की जांच व अनुसंधान की जाएगी। उक्त थाने में दो लाख रुपये से अधिक के ठगी मामले का अनुसंधान किया जाएगा। जिन कांडों में महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों की संलिप्तता सामने आती है, उन कांडों का अनुसंधान साईबर थाने द्वारा किया जायेगा। ऑनलाईन फाइनेंसिल फ्राउड होने की स्थिति में साईबर पुलिस पोर्टल 1930 पर शिकायत साईबर थाना में दर्ज किया जायेगा। सोशल मिडिया से संबंधित अपराधों में साईबर थाना द्वारा साईबर क्राइम पोर्टल ( 14 सी ) के माध्यम से संदिग्ध सोशल मिडिया अकाउंट को रिपोट व विलोपन कराने का कार्य किया जायेगा।

## पतरातू डैम का जलस्तर 1323.11 रेडियस लेवल तक पहुंचा

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू डैम का जलस्तर 1323.11 रेडियस लेवल तक पहुंचा है। जो 1324 के समकक्ष है। पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति के संपदा पदाधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि डैम का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। 1328 रेडियस लेवल पर आने के बाद डैम के फाटक खोले जाने की संभावना रहेगी।

## डीसी ने जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जनता दरबार में आमजनों द्वारा भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित मामलों को उपायुक्त ने धैर्यपूर्वक सुना और प्रत्येक समस्या का शीघ्र एवं पारदर्शी समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने का स्पष्ट निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की नियमित रूप से समीक्षा करने तथा जिन मामलों में त्वरित कार्रवाई संभव है, उनका निष्पादन मौके पर करने का निर्देश दिया।? उपायुक्त ने कहा कि ₹जनता दरबार प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और न्याय की पहुंच सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उन निराकरण किया जाता है।

## बलिदान दिवस में हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



रजरप्पा। दुलमी प्रखण्ड स्थित पार्टी के प्रधान कार्यालय बुध बाजार सिरू में आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो एवं विशिष्ट अतिथि युवा नेता पीयूष चौधरी,छात्र संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, दुलमी मुखिया रविन्द्र कुमार,कुल्ही मुखिया प्रतिनिधि रामकिशुन भोगता, पूर्व उप प्रमुख रीझू महतो उपस्थित थे। आजसू पार्टी 22 जून को बलिदान दिवस मनाने जा रही है। इस मौके पर मुख्य समारोह रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में सुनिश्चित किया गया है। जिसके सफल आयोजन को लेकर रणनीति बनायी गयी। झारखंड के 24 जिलों और 260 प्रखंडों से कार्यकर्ता इस समारोह में शामिल होंगे और राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेंगे। 21 जून को विभिन्न जिलों में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ब्रजनंदन महतो, कार्यकारी अध्यक्ष ठाकुरदास महतो, सुजीत महतो, कारू राम मिस्त्री, राहुल महतो, निरंजन महतो, दिलीप महतो, सीडी महतो, अनिल इग्नेश, बालकृष्ण ओहदार, बैजनाथ ओहदार, प्रकाश महतो, रामबृक्ष महतो, नागेन्द्र महतो, बासुदेव महतो, विवेक सिन्हा, विजय महतो, मृत्युंजय महतो, रविरतन महतो, मनजीत भोगता, उमेश प्रजापति, सिकन्दर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सोनाली कुमारी के आत्महत्या मामले में आईजी ने ओमकार पाल को किया निलंबित

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने रांची रोड के इंदिरा नगर निवासी सोनाली कुमारी के आत्महत्या मामले को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने मृतिका सोनाली के मामले में समीक्षा करते हुए अनुसंधानकर्ता अवर पुलिस निरीक्षक ओमकार पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। वहीं उन्होंने बैठक से पूर्व मृतका सोनाली के पिता विमल कुमार सिंह से मामले की जानकारी लेते हुए उचित न्याय करने का भरोसा दिलाया।

## बघमरी में सड़क बनी खाई, आवागमन ठप्प

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मंधनियां पंचायत के ग्राम हुटरू टोला बघमरी में लगातार बारिश होने से लगभग सौ मीटर की दूरी तक रास्ते खाई में तब्दील हो गई है । जिससे लोगों का आवागमन ठप हो गया है । ज्ञात हो कि यह गांव प्रखंड मुख्यालय से लगभग महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । इस गांव का दुर्भाग्य है कि आज भी यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। जबकि इस गांव से पूरब प्रखंड मुख्यालय है तो पश्चिम पंचायत मुख्यालय। साथ ही गांव से सट्टे लावालौंग से पांकी जाने वाली मुख्य सड़क हैं । इस सड़क से प्रतिदिन कई नेता, जनप्रतिनिधि व अधिकारी आवागमन करते हैं लेकिन इस गांव की अनदेखी करते हुए गुजर जाते है और कोई खोज खबर भी नहीं लेना उचित समझते हैं। यह गांव लावालौंग से पांकी जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित है और सड़क से गांव की दूरी लगभग 700 फीट है। बीच में एक छोटी सी नदी है , पूर्व में 30 जनवरी 2025 को मुख्य सड़क से नदी तक लगभग 400 फीट ग्रामीणों ने चंदा जमा कर जेसीबी मशीन से मरम्मत कराया था इसके बाद 3 जून 25 को 300 फीट नदी से लेकर गांव की चबूतरा तक श्रमदान कर मरम्मत किया गया था।

## टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण करने के साथ किया गया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। सिविल सर्जन कार्यालय परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रांगण में जिले के टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया। साथ ही निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में टीबी मरीजों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ0 कुमार उत्तम द्वारा 45 टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने द्वारा टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहने , वजन , हीमोग्लोबिन, बलगम की जांच कर दवा का सेवन करने की सलाह देते हुए कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से कई घर बर्बाद हो गये हैं। आने वाली युवा पीढ़ी को बर्बाद होने से बचाने के लिए मादक पदार्थों का उत्पादन, बिक्री एवं सेवन बंद करना होगा । उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र के ऊर्जा माने जाते हैं तथा युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। अतः नशामुक्त भारत अभियान में सवार्धिक संख्या में युवाओं को जुड़कर देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए नशामुक्त भारत अभियान में सभी युवाओं को योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन नहीं करने से ही यक्ष्मा रोग को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से विक्रांत कुमार(डीपीसी), रवीन्द्र कुमार, नवीन मिश्रा,अनु कुमार,अलोक कुमार श्रीवास्तव ,सुरेश मंडल,संजय यादव, सरफराज, राजेश कुमार एवं यक्ष्मा कर्मी एवं सीनी संस्था से मुंतज़िर,अमरजीत,ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने किया रामगढ़ जिले का दौरा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान जिला समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने योजनाओं की प्रगति, समस्याएँ और समाधानात्मक प्रयासों की जानकारी दी गई। सभापति ने कहा कि सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजद के जिलाध्यक्ष बने मो. गुलजार



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। राजद के सत्र 2025-28 के संगठनात्मक चुनाव को लेकर रामगढ़ में विवाद के बाद प्रदेश से राज्द जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई है। जिसमें निर्वाचन पदाधिकारी आबिद अली के रिर्पोट व अनुशंसा के आधार पर प्रदेश के निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप सहित राजद नेताओं ने रामगढ़ जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष और डेलिगेटस के लिखित सहमति के आधार पर मो गुलजार को दोबारा राजद रामगढ़ का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। मो गुलजार को दोबार रामगढ़ राजद का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थकों व कार्यकताओं ने हर्ष जताया है। राजद नेताओं ने कहा कि कि मो गुलजार अंसारी के जिलाध्यक्ष बनने पर जिले में राजद का संगठन मजबूत होगा। साथ ही गरीब दलित कमजोर वर्गों की आवाज बनकर बिजली, पानी ,स्वास्थ्य, शिक्षा विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों ग्रामीणों की समस्याओं का हल निकाला जाएगा। जल, जंगल व जमीन की रक्षा के साथ-साथ और प्रदुषण मुक्त जिला बनाने को लेकर आंदोलन किया जाएगा। मो गुलजार को राजद का दोबारा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर राजद नेता भानू प्रताप यादव, शाहिद सिद्धिकी, नरेश हेमब्रम, जब्बार अंसारी, अकबर खान, निसार अहमद, अयूब अली, कयूम अंसारी, पुनित महतो सहित कई राजद नेताओं ने हर्ष जताते हुए नये जिलाध्यक्ष मो गुलजार का स्वागत किया।

## पहली ही बारिश में रिसने लगा मांडू का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भवन मानसून की पहली ही बारिश में उजागर हो गई।क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने अस्पताल प्रबंधन और निर्माण गुणवत्ता की पोल खोल दी।शुक्रवार को बारिश के कारण अस्पताल परिसर और वार्डों में पानी भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।अस्पताल भवन के सभी कमरों के छत से पानी का रिसाव हो रहा है जिससे अस्पताल परिसर के फर्श और अन्य कमरों में पानी जमा हो गया।इस दौरान अस्पताल में मौजूद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।बाद मे सफाई कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में भरा पानी निकाल कर अन्य दिनों की तरह परिसर की सफाई कर सामान्य कर दिया । वही नए भवन की गुणवत्ता में अनदेखी की चर्चा अस्पताल के डॉ और कर्मचारियों के बीच चल रही थी ।

## बारिश में दर्जनों का आशियाना हुआ धराशाही

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से प्रखंड क्षेत्र में तबाही मचा दी है। कटिया पंचायत के मसो प्रमिला देवी,डब्लू भुइयां, सरस्वती देवी,टींकू भुइयां,रविन्द्र भुइयां, रखेद गांव के अजित गंझू एवं बंदारू और बान्दू गांव सहित दर्जनों गांवों के अनेकों गरीबों के कच्चे मकान धराशायी हो गए हैं। पीड़ित परिवारों के पास अब रहने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर टूटे हुए मकानों में प्लास्टिक और तिरपाल लगाकर रह रहे हैं तो कुछ अस्थायी तंबू बनाकर जैसे-तैसे दिन काटने शुरू कर दिए हैं। इनमें महिलाएं,छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। जो भारी कष्ट में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार आवेदन देने के बावजूद उन्हें अब तक प्रधानमंत्री या अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Serial No.556 Date:20/06/2025 I, LILAWATI DEVI, W/o- ARJUN GOP, aged about 55 years, by faith- Hindu by Nationality Indian, R/o At- Near Railway Siding, New Bairek, Bhurkunda, P.O.-Bhurkunda, P.S.-Patratu, Distt.-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1.That my actual & correct name is LILAWATI DEVI which has been Mentioned in my Voter ID Card bearing ID Card no. MKJ7693153.

2. That due to mistake my name is mentioned as LILAMATI DEVI in my adhar Card vide UID No. 6892 2213 9956.

3.That LILAWATI DEVI and LILAMATI DEVI both names are of same and single lady i.e. myself.

4.That this affidavit is required for needful authority concern.

5 That the above statements are true and correct

# 'अमेरिका दूर रहे'

क्या ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका भी कूदेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब इस मुद्दे पर कहते हैं कि 'मैं ऐसा कर सकता हूं और नहीं भी कर सकता' - तो वह अनिश्चितता को और बढ़ा देते हैं। इस रवैये से तनाव कम करने में मदद नहीं मिलने वाली। अगर अमेरिका इस टकराव का हिस्सा बना, तो इसके नतीजे उसके साथ-साथ पूरे पश्चिम एशिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकते हैं।

**आम लोग निशाना :** इस्राइल और ईरान के बीच का संघर्ष केवल सैन्य या रणनीतिक लिहाज से अहम ठिकानों तक सीमित नहीं रहा है। इसका दायरा फैल रहा है और जद में आम लोग आ रहे हैं। लेकिन, यूक्रेन युद्ध रुकवाने को आतुर ट्रंप का व्यवहार इस मामले में बिल्कुल अलग है। ईरान से बिना शर्त सरेंडर जैसी बात कहने से यही जाहिर होता है कि अमेरिका की दिलचस्पी शांति में नहीं है।

**जोखिम की वजह :** ट्रंप सारे पत्ते अपने हाथ में रखना चाहते हैं। उनके कहने पर अमेरिकी सेना तैयार है। खबरें हैं कि ईरान ने भी पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए मिसाइलें तैनात कर दी हैं। यानी, अब एक ट्रिगर पॉइंट इस संघर्ष को भयावह युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप इतना बड़ा रिस्क इसलिए लेना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब है। हालांकि इस मामले में कोई निश्चित रिपोर्ट नहीं है।

> अगर अमेरिका युद्ध में शामिल हुआ, तो लड़ाई बस ईरान तक सीमित नहीं रहेगी। यूएइ, सऊदी अरब, जॉर्डन समेत इस इलाके के कई देशों में अमेरिकी सेना तैनात है और ईरान उन्हें निशाना बनाने की कोशिश करेगा, जिससे ये मुल्क भी हिंसा की चपेट में आ जायेंगे।

**पुरानी गलतियां :** अमेरिका ने इस सदी की शुरुआत में भी ऐसी ही एक गलती की थी - इराक के खिलाफ युद्ध। जनसंहार के जिन हथियारों की खोज के नाम पर उसने इराक में तबाही फैलायी, वे कभी मिले ही नहीं और हजारों अमेरिकी सैनिकों को जान गंवानी पड़ी। इराक आज भी अस्थिर है। वॉशिंगटन को ऐसा ही कड़वा घूंट अफगानिस्तान में भी पीना पड़ा। ईरान की स्थिति इन दोनों के मुकाबले मजबूत है।

**कई मोर्चे खुल जायेंगे :** अगर अमेरिका युद्ध में शामिल हुआ, तो लड़ाई बस ईरान तक सीमित नहीं रहेगी। यूएइ, सऊदी अरब, जॉर्डन समेत इस इलाके के कई देशों में अमेरिकी सेना तैनात है और ईरान उन्हें निशाना बनाने की कोशिश करेगा, जिससे ये मुल्क भी हिंसा की चपेट में आ जायेंगे। एक डर यह भी है कि ईरान के समर्थन हूती जैसे लड़ाके गुट भी अलग-अलग मोर्चा खोल सकते हैं।

**आर्थिक तबाही :** ईरान ने अभी तक ग्लोबल ऑयल सप्लाई को नहीं छुआ है। लेकिन, मौजूदा नेतृत्व के सामने अस्तित्व का संकट आया, तो वह पूरी ताकत से जवाब देगा और नतीजा दुनिया के लिए आर्थिक तबाही भी लेकर आयेगा। अमेरिका ने कई मौकों पर गलत अनुमान लगाये हैं - अपने अतीत से उसे इतना तो सबक लेना ही चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**26 मई 2014 को पहली बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। और यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ।**

# योग सूत्रों की कसौटी पर खरी उतरती मोदी सरकार



**शिवपूजन पाठक**

योग दिवस विशेष



11 सितंबर 1893 का वह ऐतिहासिक और स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन जब अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत के एक युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जिनका पूर्व नाम नरेंद्र था, ने भारत की सांस्कृतिक सनातन परंपरा को विश्व क्षितिज पर महिमा मंडित किया। और संयोग देखिए उसके 121 वर्ष बाद भारत माता का दूसरा सपूत जिसे दुनियां नरेंद्र मोदी के रूप में जानती है बतौर प्रधानमंत्री भारत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधित्व करते हुए पुनः भारत का सांस्कृतिक ध्वज ऊंचा किया।

26 मई 2014 को पहली बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। और यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ। आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य साधना से दुनियां लाभान्वित हो रही है। आज योग दिवस के 10 वर्ष पूरे हुए। दुनिया आज 11वां विश्व योग दिवस मना रही।

> आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा।

योग सनातन संस्कृति की आत्मा है। योग विज्ञान है,साधना है, समन्वय है, आत्मा का परमात्मा से संवाद है। यह केवल शरीर विज्ञान नहीं बल्कि मन, बुद्धि, आत्मा को संतुलित करने की कला है।

भारतीय सनातन परंपरा के महान चिंतक और उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने एकात्म मानव दर्शन में जड़ चेतन सब में एक ही परमात्मा के स्वरूप का दर्शन करते हुए उनकी सेवा उनके सदुपयोग का विचार दिया है। मनुष्य की तरह ही एक राष्ट्र की अपनी चित्ति होती है। आत्मा होती है। शरीर, मन और बुद्धि होती है। व्यक्ति या राष्ट्र केवल शारीरिक सुखों से खुश नहीं हो सकता बल्कि उसके जीवन को आनंद की पूर्णता आत्मा के अनुकूल व्यवहार करके ही किया जा सकता है। और इसमें योग के सूत्र सहायक सिद्ध होते हैं।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा। पिछले 11 वर्षों से देश की बुनियादी सुविधाओं सड़क, बिजली, पानी, हाइवे, एयरपोर्ट, एम्स आइआइटी, आइआइएम फ्लाई ओवर, बड़े बड़े ब्रिज का निर्माण यही तो भारत का शारीरिक सुदृढ़ीकरण है। आज ग्रामीण और शहरी भारत एकसाथ मजबूत हो रहे। साथ ही साथ गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला गैस योजना, उजाला विद्युत योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास ,आयुष्मान भारत योजना सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनाएं इसकी शोभा बढ़ा रहे।

धारा 370 की समाप्ति तीन तलाक पर सख्त कानून,महिलाओं केलिए 33% आरक्षण, पद्म पुरस्कारों में उचित हकदारों का सम्मान, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा, बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े स्थलों का विकास, भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजाति गौरव घोषित, गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटा कर भारत के महापुरुषों के नाम पर स्थलों का नामकरण, सरदार बल्लभभाई पटेल की स्टैचू ऑफ यूनिटी,भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति केलिए एक आदिवासी महिला का चयन, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर ये सभी ऐसे कार्य हैं, जो भारत के मन को तृप्ति प्रदान करते हैं।

मोदी सरकार केवल शरीर मन और मन तक ही नहीं रुकी, बल्कि भारत की आत्मा के पोषण की दिशा में कार्य किए हैं। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, तिरपाल से हराकर भव्य सिंहासन पर राम लला की स्थापना के साथ काशी विश्वनाथ कोरिडोर, महाकाल मंदिर कोरिडोर का निर्माण, इसके उदाहरण हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि एक साथ इतने कार्यों को कोई योग साधक ही साकार कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें सिद्धहस्त हैं। उन्होंने योगसूत्रों को अक्षरशः जीवन में उतारा है।

यदि आज नरेंद्र मोदी का शासन सुशासन है, तो योग के संबंध में गीता में श्री कृष्ण की यह उक्ति.. योग कर्मसू कौशलम अर्थात कार्यों की कुशलता ही योग है, चरितार्थ होता है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास समत्वं योग उच्चयते को परिभाषित करता है। राग द्वेष से परे सभी परिस्थितियों में देश के सभी नागरिकों की चिंता और यदि ये सभी कार्य बिना अहंकार के नर सेवा नारायण सेवा और राष्ट्र सेवा के भाव से किया जाता है तो यही योगः चित्त वृत्ति निरोध है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम में भी अहंकार नहीं दिखाया। चाहे संसद भवन निर्माण में लगे मजदूर हों या फिर कुंभ के अवसर पर सेवा में जुटे सफाई कर्मी, राम मंदिर निर्माण में जुटे कारीगर सभी के प्रति प्रधानमंत्री ने कृतज्ञता व्यक्त की है। सरकार के मंत्रीगण और शीर्ष अधिकारियों की गाड़ियों से लाल पीली बत्ती को हटाना अहंकार बोध को कम करने की ही सोच है। इस प्रकार हम देखे तो भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार योग सूत्रों पर पूरी तरह खरी उतर रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# अर्पण का महारक्तदान शिविर आज तैयारियां पूरी, हजारों करेंगे रक्तदान



**इस महायज्ञ में सहभागी बनें और इसे ऐतिहासिक बनायें : अमरप्रीत सिंह काले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार द्वारा 22 जून (रविवार) को आयोजित महा रक्तदान शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने हेतु आज जमशेदपुर ब्लड बैंक, धतकीडीह में परिवार के प्रमुख सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने इस संकल्प के साथ आगे बढ़ने का प्रण लिया कि यह शिविर न केवल रक्तदान के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचेगा, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और पर्यावरण-संवर्धन के प्रति भी नई जागरूकता का संचार करेगा। इसी कड़ी में रक्तदान के साथ-साथ 5100 पौधों के वितरण का निर्णय भी लिया गया है।

ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी को देखते हुए इस बार अधिकतम रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है ताकि आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सके।

इस अवसर पर अर्पण परिवार के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अर्पण परिवार पूरे वर्ष, चौबीसों घंटे, तीन सौ पैंसठ दिन रक्त सेवा में समर्पित रहता है। यह निःस्वार्थ सेवा अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि 22 जून को आप सभी अपने सहयोगियों, मित्रों और परिवारजनों के साथ इस महायज्ञ में सहभागी बनें और इसे ऐतिहासिक सफल बनायें। यह अभियान मात्र आयोजन नहीं, बल्कि मानवता और प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

बैठक में जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रमुख संजय चौधरी ने अर्पण परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की।

बैठक में जुगून पांडेय, प्रिंस सिंह, विभाष मजूमदार, घनश्याम भिरभरिया, दीपक सिंह, किशोर ओझा, दीपक दीपू, कौशिक प्रसाद, सूरज बाग, सौरभ चटर्जी, सरबजीत टॉबी, धीरज चौधरी, सुमन कुमार, मोहन दास, विक्की तारवे, मनोज मुखी, संतोष यादव, विनोद उमंग, कार्तिक जुमानी, मन्नू ढ़ोके, मनोज हलदर, रामा राव, सूरज पाल, कंचन बाग, नवीन करण, भोला दास, अनूप तिवारी, देवाशीष झा, प्रणय दास, बिनोद भिरभरिया, विकास गुप्ता, विशाल, आशुतोष बनर्जी, सूरज साह, समर झा, सागर मुखी, सूरज चौबे, अनुज मिश्रा, कमलेश पाठक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/ जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पोटका क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े कई मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।विधायक सरदार ने सड़क और पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की मांग करते हुए कहा इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।इसके साथ ही श्री सरदार ने आदिवासी जनजातीय भाषाओं को शिक्षा प्रणाली में बढ़ावा देने और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन मांगों को महत्वपूर्ण बताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## सरायकेला-खरसावां जिले के 19वीं उप विकास आयुक्त रीना हांसदा ने संभाला पदभार



सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के 19वीं उप विकास आयुक्त रीना हांसदा ने कार्यभार ग्रहण किया।शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा उनकी प्राथमिकता योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकास कार्यों को गति देना है। मौके पर डीआरडीए कर्मियों ने उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही सभी अधिकारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।उल्लेखनीय है रीना हांसदा पूर्व में गुमला जिले में आइटीडीए परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत थीं। उनके आगमन से जिले में प्रशासनिक कार्यों को नयी दिशा मिलने की उम्मीद है।

## सऊदी से लौटा युवक लापता, शादीशुदा महिला पर हनीट्रैप का आरोप,थाना में की शिकायत



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। आदित्यपुर स्थित मांझी टोला निवासी शुभम दास के परिजनों ने टेल्को की एक शादीशुदा महिला पर हनीट्रैप में फंसाकर लाखों की ठगी का आरोप लगाया।मिली जानकारी के अनुसार युवक सऊदी अरब में नौकरी करता था।कुछ महीने पहले महिला के संपर्क में आकर नौकरी छोड़ भारत लौट आया। अब वह पिछले दो दिन से लापता है। परिजनों ने बताया महिला ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर पहले युवक से 2.3 लाख और 58 हजार की ऑनलाइन शॉपिंग करवाई। महिला के दबाव में आकर शुभम ने जनवरी में नौकरी भी छोड़ दी। पहले भी थाने में शिकायत कर समझौता कराया गया था। जिसमें महिला को युवक से दूर रहने को कहा गया था। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करायी।

## एनएच-33 पर चलते ट्रक में लगी आग चालक ने कूद कर बचायी अपनी जान

चांडिल।सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर एक चलती ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। शुक्रवार को ट्रक में आग लगते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। आग की तपिश तेजी से बढ़ने पर चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ पेंट लदा हुआ था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करें



जमशेदपुर।पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को बाढ़ से प्रभावित जमशेदपुर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। बागुननगर, बागुनहातु, भुइयाडीह, बारीडीह और बागबेड़ा की नई बस्तियों में स्थानीय लोगों ने पानी, साफ-सफाई और दवाओं की समस्या को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।श्री दुबे ने समस्याओं को लेकर जेएनएसी और बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने पानी टैंकर भेजने, सफाई व ब्लीचिंग कार्य और ट्रांसफार्मर मरम्मत का आश्वासन दिया।मौके पर प्रतिनिधिमंडल में राजनारायण यादव, मुन्ना मिश्र, रंजन सिंह, आशीष ठाकुर, अमरजीत नाथ मिश्र, अजय मंडल आदि शामिल रहे।

### पारडीह-बालीगुमा फ्लाइओवर निर्माण से जलजमाव

# विकास कार्यों में पर्यावरणीय संतुलन का अभाव घातक है : सरयू राय

**आशियाना वूडलैंड के लोग ठोकेंगे मुआवजा का दावा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को पारडीह से बालीगुमा के बीच बन रहे एनएचएआई फ्लाईओवर के शुरूआती स्थल का दौरा किया। आशियाना वूडलैंड सहित आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति को लेकर उन्होंने चिंता जताई और इसके लिए फ्लाईओवर निर्माण में प्राकृतिक जलनिकासी मार्ग को अवरुद्ध किए जाने को जिम्मेदार ठहराया।विधायक ने कहा विकास की दौड़ में जब प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के संतुलन की अनदेखी होती है, तो ऐसे परिणाम सामने आते हैं। पानी का स्वाभाविक रास्ता बंद करने से वह घरों में घुसता है।

उन्होंने यह भी कहा योजनाओं के डीपीआर में आमतौर पर सभी पहलुओं पर विचार होता है। लेकिन लगता है अब आमजन की असुविधा को नजरअंदाज किया जा रहा है।

सरयू राय ने बताया आशियाना वूडलैंड के निवासियों ने उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए एनएचएआई पर दावा ठोकने की बात कही है। प्रत्येक घर में 5 से 10 लाख रुपये तक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। विधायक ने कहा अगर वे मुआवजा मांगते हैं तो मैं उन्हें पूरा सहयोग करेंगे।

**जलजमाव वाले इलाकों में हो ब्लीचिंग और फॉगिंग**

विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम और जेएनएसी से अपील की जलजमाव प्रभावित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए और मच्छर रोधी फॉगिंग कराई जाए, ताकि संक्रमण और बीमारी से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कई क्षेत्रों से अब जल निकासी हो रही है, जो संतोषजनक है।

**डूबने से मृत युवक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता**

ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित कुंवर बस्ती निवासी संजय वर्मा की भारी बारिश के दौरान डूबने से मौत पर विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने संवेदना जताई और तत्काल आर्थिक मदद के रूप में परिजनों को 10 हजार रुपये की सहायता दी। पप्पू सिंह ने कहा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान उपेंद्र कुमार सिंह (मस्तान सिंह), जीतू सिंह, वीरू सिंह सहित कॉलोनी के अन्य लोग मौजूद रहे।

# आज योग दिवस पर रेड क्रॉस भवन में विशेष सत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए योग का एक विशेष सत्र का आयोजन साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में 21 जून को संध्या 3:30 बजे किया गया है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। 30 लोगों के लिए स्थान आरक्षित किया गया है एवं उनके साथ रेड क्रॉस के 50 वर्ष से अधिक उम्र के कार्यकर्ता इस योग के विशेष सत्र में योगासन करेंगे। मुख्य रूप से बढ़ती उम्र में किस प्रकार सक्रिय रहा जा सकता है और शारीरिक रूप से स्वस्थ इसके लिए जो आसान निर्धारित किये गये हैं, वह सारे आसान बताये जायेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया की बढ़ती उम्र में कठिन योग करना शरीर के लिए संभव नहीं है एवं उससे दूसरी तरफ पीड़ा हो सकती है इसी को ध्यान में रखते हुए योग के ऐसे सुलभ आसान किए जाएंगे जो नियमित रूप से बिना किसी शारीरिक कष्ट के किया जा सकते हैं और निरोगी रह कर सक्रिय रहा जा सकता है। उन्होंने इस विशेष सत्र में शामिल होने का आग्रह किया है।

## उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन की समीक्षा की

# पेयजलापूर्ति योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह- अध्यक्ष जिला जल और स्वच्छता समिति, दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा अब तक की उपलब्धियों और कार्यान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल आयोजन हेतु विशेष रणनीति और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की उत्कृष्ट सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, जन-जागरूकता अभियानों को तेज करने और समयबद्ध लक्ष्य-पूर्ति पर बल दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि जिले को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो सके। उन्होंने पेयजलापूर्ति योजनाओं के तहत विभिन्न कार्यों यथा-एकल ग्रामीण पाइपलाइन परियोजना, बहु ग्रामीण पाइपलाइन परियोजना, हर घर नल से जल, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने को लेकर कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगायी गयी। संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाते हुए जलापूर्ति योजना के तहत सभी कार्य शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा ग्राम स्तर पर 15वें वित्त, मनरेगा की राशि (कन्वर्जेंस) से विभिन्न संरचनाओं के निर्माण पर परिचर्चा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी केसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, जिला स्वच्छता समन्वयक, पेयजल और स्वच्छता विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

गढ़वा। पुराने समाहरणालय भवन परिसर में अवस्थित इवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, लॉगबुक का संधारण, सीसीटीवी कार्यशीलता, अग्निशमन यंत्रों की स्थिति सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार सभी आवश्यक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में भाग लिया और संपूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना की। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, और इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण आयोजित किये जाते है।

## आपदा प्रबंधन ने जिला स्तर पर जारी किया हेल्पलाइन नंबर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गर्मी और बरसात के मौसम के मद्देनजर आपातकालीन स्थितियों से निपटने हेतु आपदा प्रबंधन जिला गढ़वा द्वारा आमजनों के जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये हैं। अपर समाहर्ता राज महेश्वरम द्वारा उक्त बातों की जानकारी देते हुए गढ़वा जिले के आम नागरिकों से अपील की गयी है कि अतिवृष्टि, अगलगी, जलाशयों में डूबने की सूचना, अतिवृष्टि के कारण घर गिरने आदि आपातकालीन स्थिति अथवा इसी प्रकार की अन्य घटनाओं में सहायता हेतु गढ़वा जिले के नागरिक जिला आपदा प्रबंधन द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नंबर 112 या 6201261084 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन, गढ़वा पूरी तरह से तत्पर और प्रतिबद्ध है।

## सगमा प्रखंड प्रमुख ने मनरेगा में चल रहे फर्जीवाड़े को लेकर दिया आवेदन




**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रमुख ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर सगमा प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत निदान करने का मिला आश्वासन। सगमा के प्रखंड प्रमुख अजय शाह ने श्री बंसीधर नगरअनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा को दिये आवेदन में कहा है की सगमा प्रखण्ड में मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं में सरकारी नियम को ताख पर रखकर संचालित किया जा रहा है किसी भी योजनाओं में सरकार के द्वारा निर्धारित मानक को पूरा नहीं किया जा रहा है मनरेगा मजदूर आधारित योजना है मगर इसकी अवहेलना करते हुए मशीन से कम कराया जा रहा है मजदूरी नहीं मिलने के कारण सगमा प्रखंड से मजदूरों का पलायन कर रहे है सगमा प्रखंड में पूर्णकालिक सीओ बीडीओ का पद अस्थापन नहीं होने से प्रखंड वासियों का काम आधार में इसके अभाव में प्रखंड का विकास पूरी तरह ठप है वहीं पंद्रह वित के पूर्ण हो चुके योजनाओं का भुगतान तीन माह से लंबित है पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है इसे देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी महोदय से आग्रह है की प्राथमिकता के आधार पर उक्त समस्याओं का निदान कराया जाये। प्रखंड प्रमुख अजय साह ने बताया कि प्रखंड के पांचो पंचायत में जितने भी फर्जी बड़ा काम चल रहा है। पूर्ण रूप से अगर जांच नहीं होता है तो फिर हम अनशन करेंगे नहीं तो धरना बैठेंगे। आवेदन लेने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने इसकी जांच कर निदान करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रमुख अजय शाह, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी उपस्थित थे।

## नौवीं और ग्यारहवीं की प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल घोषित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में शुक्रवार को नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा के परीक्षाफल का भव्य रूप से प्रकाशन किया गया। इस विशेष अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवींद्र मेहता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्या, प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय, एसएमसी सदस्य बैजू साह और मनोज यादव, आनंद कुमार, मोहम्मद मोकारिम, सुशील कुमार, अनय कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सिंह और उदित नारायण चौबे सहित कई प्रबुद्ध शिक्षकगण उपस्थित रहे और उनके कर-कमलों द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षाफल जारी किया गया। परीक्षाफल के प्रकाशन के दौरान विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्सव का वातावरण देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में परीक्षार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने परिणाम की घोषणा को एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में अनुभव किया। विद्यालय परिवार द्वारा सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष पहली बार विद्यालय में नवाचार के रूप में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी, जिसके माध्यम से योग्य छात्रों का चयन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य का पहला ऐसा सामान्य सरकारी विद्यालय है, जिसने प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया आरंभ की है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार की संभावना है। अंत में वरिष्ठ शिक्षक सुशील कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# ब्लड कैंसर से जूझ रहा फिरोज: परिवार ने सरकार से लगायी सहायता की गुहार

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के महुडंड गांव निवासी फिरोज अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी उम्र करीब 32 वर्ष पिछले तीन वर्षों से ब्लड कैंसर की बीमारी से जीवन और मौत से जूझ रहा है। घर का माली हालत खराब होने के कारण उसका समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। कुछ माह पहले फिरोज का इलाज रांची के एचसीजी अस्पताल से चल रहा था। लेकिन चिकित्सकों ने जवाब दे दिया है और स्वजनों को उन्हें दिल्ली एम्स ले जाने की सलाह दिया। फिरोज के पत्नी तबस्सुम बीबी पिता कमरूदीन अंसारी ने बताया कि घर का आर्थिक स्थिति बिल्कुल खराब है। पैसा के अभाव समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। रांची के चिकित्सकों ने इलाज के बाद स्पष्ट जवाब दे दिया और दिल्ली के एम्स में इलाज कराने की सलाह दिया। पैसे के अभाव में फिरोज को कैसे जान बचाए समझ में नहीं आ रहा है। इनका अंतिम इलाज दिल्ली के एम्स में बचा हुआ। किसी तरह कर्ज वगैरा ले कर पैसा इक्कठा कर के कई अस्पताल में इलाज करा चुके हैं। लेकिन अब और कर्ज की आस टूटी है और एक-एक पैसे को मर्ज ने मोहताज बना दिया। इधर देर होने से उनकी बीमारी भी और बढ़ती जा रही है, अनहोनी का भी चिंता सता रही है। हमलोग काफी टूट चुके है। कुछ भी बचा नहीं है।

**स्वजनों ने सरकार मदद की लगायी गुहार :** फिरोज के स्वजनों ने क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव और सरकार से सहयोग की गुहार लगायी है। वे चाहते हैं कि फिरोज का इलाज दिल्ली एम्स में कराया जा सके और उसकी जिंदगी बचायी जा सके। वहीं पिता कमरूदीन अंसारी ने भावुक हो कर बताया कि एक वर्ष पूर्व जमीनी विवाद के कारण कोर्ट के आदेश पर घर में तला लगा हुआ है। हमलोग घर के सभी परिवार बेघर और बेसहारा बने हुए है। गांव के राजेंद्र सिंह ने मानवता दिखाते हुए खाली मकान में आश्रय दिया है। फिलहाल हमलोग सभी परिवार उसी मकान रहते है। फिरोज अंसारी के तीन पुत्री और एक पुत्र है। पूरा परिवार टूट चुका है। बच्चों के आंखों में आंसू और चेहरे पर डर बना हुआ है कि पिता को कुछ हो न जाये।

## डंडई में सीमेंट लदा ट्रक पलटा

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव स्थित चिनीया-गढ़वा मुख्य सड़क पर बन रहे नवनिर्मित पुलिया के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक सीमेंट लदा ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में ट्रक के ड्राइवर और खलासी बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार, तसरार गांव के पीपल पेड़ के समीप पुलिया निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कंपनी द्वारा बगल से वैकल्पिक मार्ग (ड्रायवर्शन) तैयार कर आवाजाही चालू रखी गयी थी। इसी मार्ग से गढ़वा से सीमेंट लेकर चिनिया जा रहा ट्रक तेज मोड़ पर असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से सड़क पर आवागमन घंटों तक बाधित रहा। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीणों ने ड्रायवर्शन की खराब हालत और लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि ड्रायवर्शन की खराब हालत के कारण ट्रक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक पलट गया। इधर खबर लिखे जाने तक सड़क से ट्रक नहीं हटाया जा सका था, और आवाजाही पूरी तरह ठप थी। मौके पर डंडई थाना पुलिस पहुंच चुकी थी और आवागमन बहाल कराने की कोशिश जारी थी। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि ट्रक असंतुलन खोने के कारण गिर गयी कोई घायल नहीं हुआ है।

## योग दिवस आज, सभी एक साथ करेंगे योग



**मेराल (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड मुख्यालय में होने वाला सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। खराब मौसम को देखते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास पतंजलि योग समिति के योग शिक्षकों द्वारा कराया जायेगा। इससे पहले शुक्रवार को योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास के थाना मंदिर परिसर में पुलिस पदाधिकारी के साथ अन्य लोगों ने भी एक साथ योगाभ्यास किया। पतंजलि योग समिति के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। पूर्वाभ्यास में थाना प्रभारी विष्णुकांत, मुखिया रामसागर महतो, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी सहित पुलिस के जवान और अन्य लोग शामिल थे।

## सीमावर्ती समन्वय को लेकर हुई बैठक



**गढ़वा/धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना परिसर में शुक्रवार को सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और आपसी तालमेल को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सनावल थाना प्रभारी एसआइ गजपति मिरे, डिंडो ओपी प्रभारी नवल किशोर दुबे और झारखंड के धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। बैठक में दोनों राज्यों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने और सीमावर्ती अपराधों पर नियंत्रण को लेकर विशेष चर्चा हुई। अवैध बालू खनन, पशु तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और सीमावर्ती अपराधियों की गतिविधियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ऐसे में दोनों राज्यों की पुलिस का समन्वय जरूरी है। इस दौरान यह भी तय किया गया कि नियमित अंतरराज्यीय समन्वय बैठकें आयोजित की जायेंगी, ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान तुरंत हो सके और कार्रवाई में देरी न हो। अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए संयुक्त गश्ती और विशेष निगरानी तंत्र विकसित करने पर भी सहमति बनी। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों की शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखना प्राथमिकता है। वहीं, सनावल और डिंडो के थाना प्रभारियों ने भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ पुलिस हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी अधिकारियों ने सीमावर्ती अपराधों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया।

# देशी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधरनगर।** रमना थाने की पुलिस ने कृष्णा राम नामक युवक को अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गत गुरुवार को रमना थाने के बिवाटीकर गांव निवासी सुरेंद्र राम की पत्नी ममता देवी फोन कर सूचना दी कि कृष्णा राम उसे गाली गलौज कर रहा है और देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार ने पुलिस बल के साथ तत्संबंधी सूचना का सत्यापन करने बिवाटीकर गये। इस बीच एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बल ने पकड़ लिया। पकड़े गये युवक की पहचान कृष्णा राम के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा के साथ दो जिंदा गोली को जब्त किया गया। एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक कृष्णा राम आवेदक ममता देवी का देवर है। कृष्णा राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ के साथ रमना थाना के थाना प्रभारी आकाश कुमार, सअनि मनोज कुमार मंडल मौजूद थे।

## केतार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान को लेकर विशेष शिविर



**केतार (आजाद सिपाही)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत शुक्रवार को केतार प्रखंड के पचाडुमर पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, उप प्रमुख शंभू सिंह, जिला परिषद ज्वाला प्रसाद, बीपीओ नीरज पाल, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत 50प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजातीय ग्रामों के लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु जिले के विभिन्न पंचायत में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत 15 से 30 जून 2025 तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल क्षेत्र में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और पात्र लाभुकों को त्वरित सेवा प्रदान करना है। आयोजित शिविर में प्रखंड स्तरीय सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गये। और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभकों को आच्छादित किया गया। शिविरों में पीएम जनमन, आयुष्मान भारत, वन अधिकार, पेंशन, मनरेगा, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, राशन कार्ड, पीएम विश्वकर्मा आदि प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गयी और पात्र लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस द्वारा चल रहे योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारियां दी गयी और 9 लाख रुपए का चेक का वितरण किया गया और आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की गयी। वहीं शिविर में पेंशन का कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 28 आवेदन की ऑन द स्पॉट स्वीकृति दी गयी। वहीं 7 जाति प्रमाण पत्र के लिए, 9 आय प्रमाण पत्र के लिए, 5निवास प्रमाण पत्र के लिए, 8आधार कार्ड अपडेट और 34 जॉब कार्ड की स्वीकृति दी गयी। राजस्व विभाग से भी आवेदन प्राप्त की गयी।

## खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है: प्रशांत



**केतार(आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, सब-इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ठाकुर और बीपीएम रवि वैद्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों ने खेल भावना से खेल को बढ़ावा देने की बात कही। इस मौके पर स्थानीय विद्यालयों की कई टीमों ने भाग लिया और उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। आयोजन समिति की ओर से आगंतुकों के स्वागत की व्यवस्था की गयी थी। पहली मैच में प्लस टू विद्यालय छातकुंड और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं के बीच खेला गया जिसमें छातकुंड की छात्राओं ने 2,0 से मैच जीत दर्ज किया।वहीं लड़का टीम में परसोडीह और छताकुंड के बीच खेला गया जिसमें छाताकुंड के बच्चों ने जीत दर्ज किया। मौके पर शिक्षक में देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, प्रदीप सिंह, बसंत कुमार, शैलेश कुमार, दीनानाथ मेहता, नवीन प्रकाश, नरेश गुप्ता, रामप्रताप मेहता, विनोद पाल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# दर्जनों कार्यकर्ताओं ने झामुमो से दिया इस्तीफा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर पंचायत में गुरुवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ताओं ने पार्टी से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस सामूहिक त्यागपत्र से स्थानीय सियासत में उथल-पुथल मच गयी है। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए पंचायत समिति के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि यह निर्णय कोई क्षणिक आवेग में नहीं लिया गया, बल्कि लगातार हो रही उपेक्षा और अनदेखी के विरोध में सामूहिक कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने खुद हरिहरपुर पंचायत समिति का गठन कराया था और समिति के सभी कार्यकर्ताओं को संगठन में पूरा मान-सम्मान देने का वादा किया था। विकास कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि समिति के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान दिन-रात एक कर पार्टी की जीत सुनिश्चित कराई, लेकिन चुनाव जीतने के बाद विधायक ने समिति के सदस्यों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। छह महीने बीत जाने के बावजूद समिति की किसी भी बात को सुना नहीं गया। विकास ने बताया कि पंचायत समिति के सभी सदस्यों का लिखा हुआ सामूहिक इस्तीफा झामुमो के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया है। इस्तीफा देने वालों में बिरेंद्र रजवार, लल्लू रजवार, अनिल साह, अजय कुमार, कइल राम, विजय कुमार, चंदन कुमार, दीपू शर्मा समेत दर्जनों नाम शामिल हैं। इस सामूहिक इस्तीफे के बाद भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो की स्थिति को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। माना जा रहा है कि यह कदम आने वाले पंचायत चुनाव और 2029 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

### सामूहिक इस्तीफे की खबर पर बवाल पंचायत अध्यक्ष ने बताया फर्जी



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर पंचायत में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। सोशल मीडिया पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं के सामूहिक इस्तीफे की खबरें वायरल होने के बाद शुक्रवार को स्थानीय झामुमो कार्यकर्ताओं ने हरिहरपुर बस स्टैंड के पास एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया। पार्टी के पंचायत अध्यक्ष रामकृष्ण राम ने दावा किया कि वायरल हो रही इस्तीफे की खबर पूरी तरह फर्जी और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर इस्तीफा देने वाले विकास सिंह कभी भी झामुमो के सदस्य रहे ही नहीं, ऐसे में उनके द्वारा इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता श्रवण पासवान ने आरोप लगाया कि विकास सिंह राजनीतिक रूप से अस्थिर व्यक्ति हैं और अक्सर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में आते-जाते रहते हैं। उनका मकसद सिर्फ भ्रम फैलाना और लोगों को गुमराह करना है। झामुमो नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी संगठन पंचायत स्तर पर मजबूत है। विधायक अनंत प्रताप देव को दिया लेकर खोजने के बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपाई अपने सांसद को दिया लेकर खोजें। विधायक अनंत हर जगह गरीबों के साथ खड़े हैं। प्रेस कांफ्रेंस में संजीत सिंह,लालेश्वर सिंह, राजेंद्र यादव, शिवनारायण यादव, शिवम सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांप के काटने से दो महिलाएं गंभीर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर विषैला जंतु के काटने से दो महिला गंभीर हो गयी। जिसमें पहली घटना रेलवे साइडिंग में घटी जहां बीती रात्रि करैत सांप के काटने से विजेता देवी पति भीम सिंह गंभीर रूप से अचेत हो गयी। परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ शैलेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में भीम सिंह ने बताया कि बीती रात्रि विजेता देवी घर का दरवाजा बंद कर रही थी, इसी बीच पहले से दरवाजे पर चिपका करैत सांप ने काट लिया। जिसके बाद सांप को भी लोगों ने ढूंढ कर मार डाला। जबकि दूसरी घटना शुक्रवार को केतार के कोशडिहरा गांव में ऊषा देवी पति जवाहिर पासवान की पत्नी बारिश होने के दरम्यान आंगन में पानी भर रही थी इसी बीच एक बिच्छू ने डंक मार दिया। उसे भी परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# दो साइबर ठग को पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस की साइबर सेल ने दो साइबर ठग को लातेहार पुलिस ने देवघर से गिरफ्तार किया है। उन पर एक महिला से सुखाड़ राहत योजना के तहत ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर दो लाख 37 हजार 600 रुपये ठगी करने का आरोप है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह साइबर थाना प्रभारी संजीव मिश्रा ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के खरचा, रिचुघुटा की इंद्रमुनी उरांव, पति चमरू उरांव ने पिछले छह मई को साइबर अपराधियो के द्वारा ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले मे साइबर थाना, लातेहार मे एक मामला दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम के द्वारा टेक्निकल एनालाइसीस कर त्वरित कार्रवाई की गयी। अनुंसधान के क्रम में सुराग मिलने पर गठित टीम ने छापामारी कर इस ठगी मे शामिल दो साइबर अपराधियों को देवघर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इन अपराधियो में कांग्रेस कुमार ( 24) पिता स्व बेलभद्र महतो और साउल अंसारी (26) पिता फारूक अंसारी का नाम शामिल है। उन्होने बताया कि उन दोनों के पास से पुलिस ने एक मोबाइल, दो पासबुक, दो एटीएम कार्ड दो सिम बरामद किया है। छापामारी अभियान में साइबर थाना के पुअनि पिंटू कुमार, आरक्षी सुरेश कुमार सिंह और विरेंद्र पासवान शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के नंदनी पुल के समीप सड़क दुर्घटना में महिला घायल हो गयी, जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। बता दें कि भंडरा थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव निवासी शिवकुमार भगत अपनी पत्नी सुमंती कुमारी (25 वर्ष) के साथ अपने मोटर साइकिल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी पत्नी सुमंती कुमारी का साड़ी मोटर साइकिल में फंस गया, जिससे मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इससे सुमंति कुमारी के शरीर में काफी चोटें आई है।

# भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है मनिका ब्लॉक, बिना पैसे लिए कोई कार्य नहीं होता है : ओम प्रकाश यादव

डिम्पल राजा



**मनिका(आजाद सिपाही)।** एक तरफ जहां राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात करती है। वहीं दूसरी तरफ मनिका प्रखंड मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार को लेकर लाभुकों ने बीपीओ संतोष कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । बीपीओ संतोष कुमार इसे धत्ता बताते हुए पहले तो डोभा के नाम पर 22 हजार रुपये ले लेते है और फिर जब लाभुक योजना चालू करवाने की बात करते हैं तो उनके द्वारा लाभुकों को कह दिया जाता है कि पांच हजार और देना होगा, जिसके बाद जब लाभुक पुछते हैं कि आखिर और पैसा क्यों देना होगा, तो बीपीओ के द्वारा कहा जाता है कि आप जो पैसा दिया था उपर जिला के अधिकारियों को दे दिया गया है, जब तक पांच हजार रुपये नहीं दोगे योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जिसके बाद जान्हो पंचायत के लाभुक ओम प्रकाश यादव, सुनील यादव जैसे लाभुक ने बताया कि जान्हों पंचायत में 56 योजना स्वीकृत की गई है और 26 योजनाओं पर कार्य भी शुरू हो गया है, जिन लोगों के पूरा पैसा बीपीओ को दिया गया उनका कार्य शुरू कर दिया गया, लाभुकों का कहना है कि मनिका प्रखंड में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है इसकी जानकारी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत जिला के अधिकारी को भी है , लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही। लाभुकों का कहना है कि बिना रुपये दिये कोई काम नहीं हो रहा है और आगे लाभुकों ने आरोप लगाया कि बीपीओ द्वारा लाभुको को बेवजह परेशान किया जाता है। हम गरीब लोग कहीं से कर्जा लेकर योजना लेने के लिए बीपीओ को 22000 दिये, परंतु योजना एंट्री करने के बाद हम लोगों से 5000 की मांग और की जा रही है और नहीं देने पर बीपीओ संतोष कुमार के द्वारा योजना नहीं चालू की जायेगी इसकी धमकी दी जाती है। आप लोगों को जहां जाना है चले जाइए पर हम लोगों को योजना का लाभ नहीं दिया गया, जिसके बाद ये सभी लाभुक लातेहार पहुंच उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगायी है। लाभुकों ने ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त से मांग की है कि मनिका बीपीओ पर जांच कर कार्रवाई की जाये, ताकि हम सभी लाभुकों को न्याय मिल सके।

**क्या कहते हैं मनिका के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार**

हालांकि जब इस मामले को लेकर मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर योजना दिलाने का नाम पर पैसा लिया गया है तो यह गलत है , भ्रष्टाचार को प्रखंड में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मामला मेरे संज्ञान में आने पर जांच की जायेगी। जांचोप्रांत मामला यदि सही पाया जाता है तो उनपर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुचारू रूप से चले, बच्चों की देखभाल अच्छे से हो: उपायुक्त



लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। उपायुक्त ने बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की भौतिक स्थिति, पोषण ट्रैकर ऐप, आंगनबाड़ी केंद्रों में टी.एच.आर. वितरण की स्थिति, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका की रिक्ति की स्थिति, विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना की स्थिति, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के मानदेय/अतिरिक्त मानदेय भुगतान की स्थिति, पोषाहार मद में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की स्थिति, मिशन वात्सल्य योजना के कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन केंद्रों की जियो-टैग की गयी तस्वीरें संबंधित ग्रुप में भेजी जाएं, जिससे नियमित निगरानी संभव हो सके। इसके साथ ही जिन सेविका, सहायिका का अटेंडेंस 100 प्रतिशत नहीं है उनके मानदेय का भुगतान कटौती कर करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका, सहायिका के पदों की समीक्षा के क्रम में आगामी 30 जून तक रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा की विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन सभी में लक्षित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त करें। इसके लिए उन्होंने सभी सेविका, सहायिकाओं के साथ बैठक कर सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति के लिए समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना और भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा की गई तथा डेटा अपडेट करने का निर्देश दिया गया। समर अभियान की समीक्षा के क्रम में समर अभियान के तहत कुपोषण और एनीमिया से ग्रसित बच्चों, युवतियों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उपचार हेतु एमटीसी भेजने एवं एमटीसी केंद्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए नियमित अनुश्रवण और निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।इसके अलावे मिशन वात्सल्य व जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने विशेष रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।

# 72 करोड़ की सड़क निर्माण में गड़बड़ी पहली बारिश में ही खुली पोल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ/बारियातु।** पथ प्रमंडल लातेहार द्वारा हेरहंज से लाटू, फूलसु होते हुए बारियातू एनएच-22 तक बनायी जा रही 23.5 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य में भारी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के अनुसार लगभग 72 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का कार्य संवेदक दिनेश चंद्र अग्रवाल इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद के द्वारा किया जा रहा है, लेकिन निर्माण शुरू होने के कुछ ही महीनों में सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

**बरसात की पहली बारिश में ही धंसी सड़क**

पहली बारिश ने निर्माण कार्य की पोल खोल दी है। ग्रामीणों के अनुसार ढाडा मोड़ से रुद मोड़ के बीच लगभग एक किलोमीटर सड़क का एक हिस्सा धंस गया है और किनारे का हिस्सा टूट चुका है, जिससे सड़क में गहरी दरारें पड़ गई हैं। यह स्थिति तब है जब संवेदक द्वारा अब तक लगभग एक-तिहाई सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

**जेएमएम नेता की गाड़ी फंसी, जतायी नाराजगी**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष लाल आशीषनाथ शाहदेव ने सड़क चौड़ीकरण कार्य में अनियमितता पर कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने बताया कि मैं गुरूवार को अपने निजी चारपहिया वाहन से पैतृक गांव फूलसु से बारियातू आ रहा था। इसी दौरान रूद मोड़ के समीप गाड़ी पक्की सड़क के बीच फंस गयी। उन्होंने किसी तरह मशक्कत कर गाड़ी को बाहर निकाला। शाहदेव ने कहा कि संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य कर सरकारी दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बताया कि पुराने कालीकरण वाली सड़क को उखाड़कर निकले मलबे को डस्ट में मिलाकर दोबारा निर्माण में उपयोग किया गया है। वहीं प्राक्कलन के अनुसार जगह-जगह स्टोन पिचिंग और बोल्डर का समुचित उपयोग नहीं किया गया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि बिना पानी पटाए ही रोलर चलाकर मजबूतीकरण का कार्य किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संवेदक को विभागीय अधिकारियों की अनदेखी या मिलीभगत का पूरा लाभ मिल रहा है, जिससे वह मनमानी कर रहा है। विभागीय स्तर पर न तो निगरानी हो रही है, न ही गुणवत्ता की जांच। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि संवेदक को सड़क धंसने और दरार फटने का भनक लगते ही तुरंत दरारों पर क्रेशर का डस्ट भर कर साक्ष छुपाने की कोशिश किया गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने लातेहार उपायुक्त और पथ निर्माण विभाग से मांग की है कि पूरे सड़क निर्माण कार्य की गहन जांच कराई जाये। साथ ही दोषी संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने यह भी मांग की है कि प्राक्कलन के अनुसार ही निर्माण कराया जाये, ताकि सड़क टिकाऊ और सुरक्षित बन सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर अनियमितताओं की अनदेखी की गयी, तो यह न केवल सरकारी धन की बबार्दी होगी, बल्कि जनता की सुरक्षा और सुविधा के साथ भी खिलवाड़ माना जायेगा। ज्ञात हो की बारियातू के पश्चिमी हिस्से में तीन पंचायत से हजारों लोगों का इसी सड़क से प्रतिदिन आवागमन होता है। ऐसी स्थिति में लोगों को जान जोखिम में डाल कर चलना पड़ रहा है।

## सूर्यवती देवी ने कराया योग पूर्वाभ्यास





लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लोहरदगा जिला में महिला योग, कराटे और सिलंबम प्रशिक्षिका सूर्यवती देवी द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में योग पूर्वाभ्यास कराया गया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 3000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह विशेष योग सत्र एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा, एस.एस. हाई स्कूल किस्को, जेएमएस पब्लिक स्कूल हरमू, हाई स्कूल कुजरा तथा स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हारिया में आयोजित किया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रशिक्षिका सूर्यवती देवी ने छात्रों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया एवं उसके लाभ बताए। उन्होंने कहा, करें योग, रहें निरोग,यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। योग केवल योग दिवस पर करने से विशेष लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि इसे नियमित जीवनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने सभी बच्चों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक दिन कम-से-कम एक घंटा योग के लिए अवश्य निकालें, ताकि शरीर, मन और आत्मा तीनों में संतुलन बना रहे। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सूर्यवती देवी के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।

## गायत्री परिवार का वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



सेन्हा (आजाद सिपाही)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गायत्री परिवार, सेन्हा प्रखंड द्वारा शुक्रवार को बदला पंचायत अंतर्गत चंदकोपा ग्राम के मदरा टोली स्थित नया तालाब परिसर और प्राथमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगातार बारिश के बावजूद कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं परिजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्रोच्चारण और वृक्ष पूजन के साथ हुआ, जिसमें 15 जोड़ी दंपतियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। कर्मकांड का विधिवत संचालन जिला उप समन्वयक श्री दुबराज मांझी द्वारा संपन्न कराया गया।इस अवसर पर कुल 101 फलदार पौधे (मुख्यतः बीजू आम) लगाए गए, जिनमें से 52 पौधे सप्त आंदोलन समन्वयक सुधाकर साहु के सौजन्य से, 11-11 पौधे क्रमशः प्रतिभा देवी एवं प्रतिमा देवी के द्वारा व शेष पौधे ग्रामीणों के सहयोग से लगाये गये। वर्षा के बीच भी सभी सहभागी पूरे धैर्य के साथ कार्यक्रम में सक्रिय रहे। इस दौरान पौधों के संरक्षण एवं देखभाल हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने वृक्षारोपण के महत्व एवं वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।मौके पर गोविन्द साहु (मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, गायत्री परिवार लोहरदगा), पींकी जयसवाल (सहायक ट्रस्टी), अनिल साहु (जिला समन्वयक), प्रतिमा साहु (जिला महिला समन्वयक), विकेस कुमार सिन्हा, चंदन मिश्रा, रंजीत कुमार साहु, सुधाकर साहु (सप्त आंदोलन समन्वयक, सेन्हा), भंडारा सहयोग में लवकुश अग्रवाल, प्रेमचंद साहु, अन्य सहयोगी: मदन महतो, पवन कुमार (पतंजलि), विनय साहु, रेखा सोनी (फ्ररर), किरण देवी (शिक्षिका), प्रदीप उरांव, राजमुनी उरांव, मीणा देवी, चंद्र मुनी देवी, सहित दर्जनों ग्रामीण जन रहें। कार्यक्रम की सफलता में अनेक ग्रामीणों का सक्रिय योगदान रहा, जिनमें कई नाम भले ही उल्लेख से छूट गए हों, परंतु उनका सहयोग सराहनीय रहा।

## बेतला के बासुदेव भुईयां का सहारा बना प्रखंड प्रशासन



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला वन विहार होटल के समीप मे रह रहे लगभग 85 वर्षिय बासुदेव भुईयां का बुधवार से लगातार हो रहे बारिश और शुक्रवार को अत्यधिक बारिश के दौरान खपड़ैल मकान का छत समेत अन्य हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।वही पानी के जलजमाव के कारण पूरा पानी घर में घुस गया। इसकी सूचना जैसे ही प्रखंड विकास पदाधिकारी रेश्मा रेखा मिंज को मिली, कुछ ही देर के बाद बीडीओ पीड़ित बुजुर्ग के घर पहुंच मामले से अवगत हुई। इस दौरान बीडीओ ने सर्वप्रथम पीड़ित को आर्थिक सहायता की। इस संबंध में बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज ने बताया कि 85 वर्षिय बासुदेव भुईया को पेंशन मिल रहा है। आवास का भी सर्वे हो चुका है। जल्द ही आवास का भी लाभ मिल जायेगा। इसके अलावे आपदा प्रबंधन विभाग से आंशिक क्षति पूर्ति राहत हेतु मुआवजा दिलाया जाएगा।और इनका जल्द राशन हेतु आधार कार्ड अपडेट कराया जाएगा बता दे कि उक्त पीड़ित का अंगूठे के निशान बायोमेट्रिक मशीन में नही ले रहा है, जिसके कारण राशन को लेकर समस्या हो रही है । वहीं दूसरी और बीडीओ ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवास का निरीक्षण किया गया उन्होंने लंबित आवास को ससमय पूर्ण करने को कहा उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को आवास निर्माण की राशि निर्गत की गयी है।वे जल्द आवास का निर्माण कार्य पूरा करें।इसके अलावे बरसात से क्षतिपूर्ति हुई है।उसका भी रिपोर्ट तैयार करें।प्रखंड प्रशासन बरसात को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है।

# बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का प्रखंड प्रशासन ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा ।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण सभी का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा पंचायत क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर बारिश से हो रही क्षति का जायजा लिया जा रहा है और साथ ही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नदी,तलाब में पानी भरा हुआ है। कोयल नदी के जल स्तर खतरा का निशान से ऊपर है। नदी तलाब के इर्द गिर्द न जाये बच के के रहें,वही अरु से साके धरधरिया पथ में तोड़ार पखन टोली के समीप नहर के पास छतिग्रस्त रास्ता का भी निरीक्षण करते हुए जिला के वरीय पदाधिकारियों को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सीठीयो कोयल नदी के समीप बना पुराना पुल से आवागमन के लिये माना करते हुए प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन के संयुक्त पहल से बेरिकेटिंग किया गया है, जिसे लोग पुराना पुल से यातायात नहीं कर सके और कंडरा एवं चितरी कोयल नदी के आस पास बच्चे,बुजुर्ग और युवाओं को किसी भी स्थिति में नही आने जाने के लिए सख्त निर्देश दिया गया है। वहीं बारिश से प्रभावित आपात स्थिति के लिये प्रखंड प्रशासन द्वारा प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष का स्थापना की गयी है। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू,सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी,थाना प्रभारी वारिश हुसैन और सुजीत उरांव,बिफई उरांव तथा अन्य प्रखंड और अंचल कर्मी मौजूद थे।

## चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के पास रास्ते पर गिरा पेड़, चार दिनों से राहगीरों के लिए खतरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के अप्पर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के पास के मुख्य रास्ते पर बीते चार दिनों से एक विशाल पेड़ की डाल गिरकर पड़ी है, जिससे इस मार्ग पर चलना राहगीरों के लिए खतरा बन गया है। यह रास्ता अत्यधिक व्यस्त और आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जहांब विद्यार्थियों, स्थानीय निवासियों और आम जनता का रोजाना आना-जाना लगा रहता है। स्थानीय सामाजिक संगठन सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने मांग की है कि गिरे हुए पेड़ की डाल को शीघ्र हटवाया जाये, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना से बचा जा सके। सर्राफ ने बताया कि लगातार आवागमन के बीच पेड़ की डाल राहगीरों, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर कोई भी गंभीर हादसा हो सकता है। सेवा भारती ने जिला प्रशासन से इस पर तत्काल संज्ञान लेकर उचित कदम उठाने की अपील की है, ताकि जनता को राहत मिल सके और किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

## शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को मई माह में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से यह पहल विद्यार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता और सतत अध्ययन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से की गयी। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्राएं ओहमा उरांव एवं कीर्ति राज गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में महाविद्यालय की प्रभारी आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके अनुशासन को प्रेरणादायक बताया।

# नशीले पदार्थों के विरुद्ध चला जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा की ओर से शुक्रवार को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रघुनंदन लेन सहित आसपास के क्षेत्रों में किया गया। अभियान के तहत समूह की महिलाओं ने घर-घर जाकर स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया। उन्होंने लोगों को मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक क्षति की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, युवाओं को इस बुराई से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की गयी। जागरूकता कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति की सेहत को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। नगर परिषद ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार और समुदाय को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। नगर परिषद की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और कहा कि इस प्रकार के अभियान से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक, कहा-

# पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर होगा रोजगार सृजन

- केचकी संगम, भीम चूल्हा एवं आईबी गेस्ट हाउस का डीपीआर तैयार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

## मलय डैम को विश्व स्तरीय टूरिज्म के रूप में विकसित करने की आवश्यकताः सांसद



जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक में उपस्थित सांसद, डीसी एवं अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक हुई। जिसमें जिले में पर्यटन संवर्द्धन, उनका विकास, सौंदर्यीकरण एवं नये पर्यटन स्थलों को जोड़कर वहां पर्यटकीय विकास करने का निर्णय लिया गया। डीसी ने पर्यटन मद के अंतर्गत चिन्हित, अधिसूचित, पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार. सौंदर्यीकरण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली। बैठक में चैनपुर के रानीताल डैम, मेदिनीनगर के कचरवा डैम एवं भीम बराज में बोटिंग प्रारंभ करने पर चर्चा की गयी। इस दौरान बोटिंग प्रारंभ करने से संबंधित सभी मैनुअल्स को फॉलो कर बोटिंग की सुविधा बहाल की जायेगी। जबकि कचरवा डैम परिसर में फॉरेस्ट विभाग से प्लांटेशन भी किया जायेगा एवं दो किमी तक आमजनों के लिए पाथ वे का भी निर्माण किया जायेगा। इसके अलावे बराही धाम एवं झलखंडी मंदिर आदि को नये पर्यटक स्थलों से जोड़कर पर्यटकीय सुविधा बहाल करने पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में डीसी को बताया कि केचकी संगम, भीम चूल्हा एवं आईबी गेस्ट हाउस (निरीक्षण भवन) का डीपीआर पूर्ण कर लिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसी तरह नगर आयुक्त आवास के पीछे बजट होटल का भी निर्माण जल्द ही शुरू किया जायेगा, जिससे पर्यटकों को आगामी दिनों में सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वहीं प्रमंडल स्तरीय पर्यटकीय ईको सर्किट और रिलीजियस सर्किट बनाने को दिशा में भी चर्चा की गयी। इसके अलावे केचकी संगम का वैसा हिस्सा जो पलामू जिले में पड़ता है उन स्थानों पर 'ट्री हॉउस एवं वॉकपाथ' बनाया जायेगा। इसके अलावे मलय डैम पर पर्यटन मित्र रखने पर भी चर्चा की गयी। डीसी ने कहा कि पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करने में सहूलियत होगी। दूसरी ओर, बैठक में शामिल पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि सतबरवा का मलय डैम एक्टिव टूरिस्ट स्पॉट बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में यहां सुविधाओं में बढ़ोतरी कर मलय डैम को विश्व स्तरीय टूरिज्म के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। इसके अलावे जिले में रिलीजिस टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी टूरिज्म को भी विकसित करने की जरूरत है। कहा कि जिले में पर्यटकीय सुविधाओं को बढ़ाने के लिये राज्य सरकार के समन्वय से केंद्र सरकार से भी फंड की मांग की जा सकती है। उन्होंने छत्तरपुर के देवगन में 40 एकड़ भूमि उपलब्ध होने की बात कही, जहां ट्रॉमा सेंटर या कोई पर्यटकीय स्थल कभी निर्माण कराया जा सकता है। इस मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, जिला पर्यटन पदाधिकारी, जिला पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी, चतरा सांसद एवं हुसैनाबाद विधायक के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ित महिलाओं के लिए सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करता है वन स्टॉप सेंटर : मंत्री अन्नपूर्णा देवी

## बाल सुधार गृह में किया रिक्रिएशन हॉल, स्मार्ट टेलीविजन एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



रिक्रिएशन हॉल एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी।

**देवघर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत बनाये गये रसोई घर, शौचालय, पेयजल, भवन परिसर में की गयी व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक मुलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी, पुलिस सहायता, अस्थाई आश्रय रहना एवं खाने आदि की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। साथ ही घरेलू हिंसा, मारपीट, दुष्कर्म, लैंगिक उत्पीड़न, भावनात्मक उत्पीड़न, बाल विवाह, महिला तस्करी, दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक, साइबर क्राइम आदि को भी मदद की श्रेणी में शामिल किया गया है। कहा कि वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए एक सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करता है, जहां पीड़ित महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक तौर पर तक सशक्त करने के लिए उनका मार्गदर्शन-सहयोग किया जायेगा। वहीं, निरीक्षण के क्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने चरकी पहाड़ी स्थित बाल सुधार गृह सह संप्रेक्षण गृह के बच्चियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने बाल सुधार गृह सह संप्रेक्षण गृह में रिक्रिएशन हॉल, स्मार्ट टेलीविजन एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया। इस दौरान संप्रेक्षण गृह की बच्चियों द्वारा कौशल कला (कढ़ाई, बुनाई, पेंटिंग, कलाकृतियों, रंगोली, हाउस कीपिंग आदि) के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम खुश रहें और हमेशा मेहनत कर आगे बढ़ने का प्रयत्न करते रहें। उन्होंने स्वावलंबी बनने की दिशा में बच्चियों को आगे बढ़ते रहने के साथ ही बाल सुधार गृह सह संप्रेक्षण गृह की बच्चियों द्वारा किये जा रहे कार्यो और उनके आत्मविश्वास की सराहना करते हुए प्रोजेक्ट बेटी के तहत प्रशिक्षण प्राप्त सभी बच्चियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत भी किया।

## हुसैनाबाद के नये एसडीएम ने संभाला पदभार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी के रुप में आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता ने पदभार संभाला लिया। उन्हें भूमि उपसमाहर्ता सह निवर्तमान एसडीओ गौरांग महतो ने पदभार सौंपा। ओमप्रकाश गुप्ता 2021 बैच के आईएएस अधिकारी है। इसके पूर्व वह सेक्रेटेरिएट में प्रतिक्षारत के श्रेणी में थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि इसके पूर्व के एसडीओ ने जो अच्छे कार्य किए है, उन्हें आगे बढ़ाएगें और एसडीएम कोर्ट से संबंधित मामलों का निपटारा करेंगे। कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को सुचारू रूप से करने के लिए हम सभी अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों एवं अनुमंडल प्रशासन के सहयोग से बेहतर ढंग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन के साथ ही आमलोगों की सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर अनुमंडल के नाजीर अशोक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बिना काम किए मेड़ बंदी और डोभा निर्माण की राशि का हो गया भुगतान

## मधुपुर के गोविंदपुर पंचायत में मनरेगा योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार

तीन योजनाओं की राशि की हुई रिकवरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** जिले के मधुपुर प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत में मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में सरकारी राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। गोविंदपुर के कर्मीडीह निवासी ग्रामीण शशि दास ने इसकी शिकायत डीसी से की है, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया है तीन योजनाओं की राशि की विभाग ने लाभुक से रिकवरी की है। जिन योजनाओं में रिकवरी हुई है, उसमें दो मेड़ बंदी और एक डोभा निर्माण शामिल हैं। शशि दास का कहना है कि अगर निष्पक्ष जांच हुई तो पूर्व की योजनाओं में भी गड़बड़ी मिलने की संभावना है। शशि दास का कहना है कि लाभुक कुर्मीडीह निवासी काशी दास को मेड़बंदी का काम मिला था। इसके लिए कुल 67 हजार 782 रुपए का भुगतान किया गया। उक्त जमीन पर मेड़ बंदी का आजतक कोई काम नहीं हुआ और फर्जी तरीके से भुगतान भी कर दिया गया। हैरत की बात यह है कि उक्त काम के लिए जमीन भी पर्याप्त नहीं है। पूर्व से धानी सैम जमीन है, जिसपर वर्षो से खेती हो रही है। लाभुक कुर्मीडीह गांव निवासी मदन दास को भी मेड़ बंदी का काम मिला, जिसमें रत्ती भर भी मेड़ का निर्माण नहीं किया गया है। फिर भी लाभुक ने 44,082 रुपए की फर्जी तरीके से निकासी कर ली, जबकि उक्त जमीन भी धानी सैम प्रकृति की है, जिस पर वर्तमान में खेती हो रही है। लाभुक काशी दास को डोभा निर्माण के नाम पर चार लाख 56 हजार 892 रुपए का भुगतान हुआ। उक्त डोभा निर्माण योजना में कार्य से काफी ज्यादा राशि का भुगतान फर्जी मस्टर रोल बनाकर ले लिया गया। उक्त डोभा निर्माण में करीब 50 हजार रुपए का काम ही किया गया और मात्र 3-4 फीट गड्ढा हुआ है, जिसे 10 फीट काम बताकर राशि की निकासी कर ली गई है। इसी तरह फर्जी मस्टर रोल बनाकर करीब चार लाख रुपए का गबन किया गया है। लाभुक पम्मी कुमारी, सुशील दास ने भी बिना काम किए भुगतान लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया और ग्राम सेवक द्वारा लगातार एक ही परिवार के सदस्यों के नाम से गलत तरीके से अभिलेख खोलकर और मनरेगा मापदंडों के विरुद्ध बिना कोई काम किए कुल 6 लाख 34 हजार 309 रुपए की सरकारी राशि का गबन कर लिया गया है। इस संबंध में मधुपुर के बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। यहीं नहीं, मैसेज का भी जवाब नहीं दिया।

## ग्रामीणों को दी गई वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**हरिहरगंज/छतरपुर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर प्रखंड के मुरुमदाग ग्राम पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को धरती अबा जन भागीदारी अभियान के तहत शिविर आयोजित हुआ। जिसमें अग्रगति के वित्तीय साक्षरता के प्रखंड समन्वय चंदन मेहता एवं प्रशिक्षक अमरेश कुमार ने भाग लिया और ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक किया। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें सामाजिक बीमा योजना पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने बीमा योजनाओं के बारे में चर्चा की और पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई का फॉर्म भरकर बैंक में जमा किया। इस दौरान प्रखंड समन्वय चंदन मेहता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पलामू जिले के 55वें डीडीसी बने जावेद हुसैन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के 55वें डीडीसी के रूप में शुक्रवार को जावेद हुसैन ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीडीसी शब्बीर अहमद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बादउन्होंने सभी डीआरडीए एवं विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के बाद नये डीडीसी ने कहा कि निवर्तमान डीडीसी के कार्य को आगे बढाना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम एवं बीडीओ के साथ मिलकर गति देने का कार्य किया जायेगा। कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज में नामांकन शुरू

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज सड़मा में 10वीं पास छात्र -छात्राओं के लिए शैक्षणिक सत्र 2025 -27 के लिए इंटरमीडिएट में नामांकन शुरू हो चुका है। कॉलेज की प्राचार्या स्वस्ति कुमारी ने बताया कि क्षेत्र के 10वीं उत्तीर्ण बच्चों के लिए उच्च शिक्षा में उज्वल भविष्य के लिए इंटरमीडिएट के तीनों संकायम विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में नामांकन प्रारंभ हो चुका है। छात्र-छात्राएं कॉलेज में आकर सीधे नामांकन ले सकते हैं। साथ ही गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज में व्यावसायिक शिक्षा मे भी नामांकन प्रारंभ है। झारखंड के रांची विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त विभिन्न कोर्सेज में नामांकन लेकर ऑनलाइन क्लास कर सकते हैं। व्यावसायिक शिक्षा में छह महीना, 12 महीना एवं 18 महीना तक की अवधि में अपने कोर्स पूरा कर सकते हैं और विभिन्न क्षत्रों में रोजगार पा सकते है।

## टॉप 10 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड के स्त्रोनत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा में माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण टॉप 10 विद्यार्थियों के लिए सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में पंसस और अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस दौरान सफल विद्यार्थियों को कलम और कॉपी देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। प्रधानाध्यापक सुनील उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय के 108 विद्यार्थियों में से 76 प्रथम श्रेणी और 32 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि विद्यालय के टॉप 10 में नवल कुमार पाल 87.60 फीसदी के साथ प्रथम, सुरभि कुमार 86.20 फीसदी द्वितीय, सुशांत कुमार 85.60% तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें कड़ी मेहनत कर समाज के लिए आदर्श बनने का सुझाव दिया। इस मौके पर शिक्षक रामाकांत यादव, मो जाहिसदीन बाबर, लिंगण कुजूर, सुनील कुमार, विनय कुमार सिंह, कृष्णा यादव, वकील पासवान, संतोष तिवारी, रमेश राम, रामसदस्य तिवारी आदि उपस्थित थे।

# चैनपुर प्रखंड प्रमुख के पक्ष में शुन्य एवं विपक्ष में पड़े 33 मत



पंचायत समिति सदस्यों ने गिराया प्रखंड प्रमुख की सरकार

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के खिलाफ शुक्रवार को लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ। प्रखंड सभागार में एसडीओ सह आरओ सुलोचना मीणा की देखरेख में हुए मतदान में प्रमुख के पक्ष में शून्य मत जबकि विरोध में 33 मत पड़े। एसडीओ ने बताया कि इसकी सूचना राज्य चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। तिथि निर्धारित होने के बाद प्रमुख पद के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। बतातें चलें कि चैनपुर प्रखंड में 31 पंचायत समिति सदस्य हैं। इसके अलावा पांच मुखिया, एक विधायक एवं एक सांसद सदस्य हैं। मतदान में सांसद एवं विधायक अनुपस्थित रहे। जबकि 28 पंचायत समिति सदस्य, पांच मुखिया मतदान में शामिल हुए। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख पर कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया था।

## कर्नल विक्रम दयाल ने हुसैनाबाद के सोनतटीय क्षेत्रों का लिया जायजा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लगातार बारिश से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सोन नदी के तटवर्ती क्षेत्रों के बुधुआ, देवरी कला सोन नदी तट एवं उत्तर कोयल नदी के तटवर्ती क्षेत्र भीम बराज के मोहमदगंज का शुक्रवार को सिख रेजीमेंट के रामगढ़ कैंट के कर्नल विक्रम दलाल, हुसैनाबाद के सीओ पंकज कुमार, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के साथ पुलिस बल, बड़ेपूर के मुखिया पति गुड्डू सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने जायजा लिया। इस दौरान तटवर्ती क्षेत्र के लोगों से कर्नल ने बाढ़ की स्थिति का अवलोकन करते हुए बारिश होने पर नदी के पास नहीं जाने की अपील की। मौके पर हुसैनाबाद अंचल के सीआई संतोष कुमार, कर्मचारी आशीष रंजन आदि उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा ने चलाया जागरूकता अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को हरिहरगंज के सतगंवा वार्ड नंबर 5 में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम और कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र पासवान ने बताया कि मोदी सरकार ने देश में सुरक्षा, गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों को समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार और लघु उद्योग के अवसर प्रदान किए हैं। इसके अलावा युवाओं को अग्निवीर सैनिक भर्ती में अवसर, हर घर में शौचालय, नल जल योजना, मुफ्त गैस वितरण और उज्ज्वला योजना जैसी कई योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई गई है। कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की ओर हम अग्रसर हैं। इस मौके पर संतोष कुमार, नीरज पासवान, आनंद कुमार, रविंद्र साव, कन्हाई, अजय, मिथिलेश, उमेश, पंकज, राजू शर्मा, कारू, कामता, योगेंद्र पासवान, रविंद्र पासवान आदि शामिल थे।

# सांसद निशिकांत दूबे ने मधुपुर रेलवे स्टेशन पर दो वाशिंग पिट का किया उद्घाटन

- देवघर, जसीडीह और मधुपुर से अब लंबी दूरी की ट्रेनों का हो सकेगा परिचालन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** जिले के मधुपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दो वाशिंग पिट का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि जसीडीह, देवघर से लंबी दूरी की कई नई ट्रेनों का परिचालन किया गया है, लेकिन मरम्मति के अभाव में कई बार ट्रेनें दूसरी जगह से चलने के लिए बाध्य हो जाती हैं। इसके अलावा मुंबई, चेन्नई और गोवा सहित अन्य दूरी वाली ट्रेन को मरम्मति की जरूरत होती है, जो कभी भागलपुर या आसनसोल में किया जा रहा था। लेकिन मधुपुर में वाशिंग पिट बन जाने से अब मधुपुर में ट्रेनों की मरम्मति-रखरखाव हो सकेगा। दो वाशिंग पिट में एक 15 करोड़ और दूसरा 150 करोड़ की लागत से बना है। इसके अलावा देवघर स्टेशन पर भी वाशिंग पिट बनकर तैयार है, जो लगभग 4 महीने में चालू हो जाएगा। वहीं सबसे महत्वपूर्ण गोड्डा स्टेशन पर भी दो वाशिंग पिट बन रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी देन है। जब देवघर और गोड्डा में 5 से 6 वॉशिंग पीट बन जाएंगे तो लंबी दूरी की और ट्रेनिंग चलाई जाएगी। भविष्य में लगभग 30 से 40 ट्रेनों का परिचालन यहां से हो सकेगा। मेंटेनेंस ना होने के कारण बैद्यनाथधाम-पुरी ट्रेन को पटना से अभी चलाया जा रहा है। जबकि यह ट्रेन बैद्यनाथधाम की है। लेकिन अब इन ट्रेनों का परिचालन मधुपुर और देवघर में हो सकेगा।

## नीति आयोग के मिशन निदेशक ने डीसी के साथ की बैठक

**देवघर (आजाद सिपाही)।** नीति आयोग के मिशन निदेशक आनंद शेखर के देवघर जिले में आगमन पर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद आनंद शेखर द्वारा जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनरुद्धार के तहत देवघर जिला अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने आकांक्षी प्रखंड के तहत चयनित प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल एवं महिला कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल गांव सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने विकास लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए लंबित योजनाओं को चिह्नित कर उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही आकांक्षी ब्लॉक फेलो की नियुक्ति के लिए भी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर मुकेश कुमार, दिलीप मरांडी आदि मौजूद थे।

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड ब्रदर्स एकेडेमी, चैंप स्क्वायर और ब्लैकबोर्ड को





झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार 20 जून, 2025 को राजधानी के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों, ब्रदर्स एकेडेमी, चैंप स्क्वायर और ब्लैकबोर्ड को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशकों राकेश सिंह और राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और प्रसार प्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार ने ब्रदर्स एकेडेमी के डायरेक्टर पारस अग्रवाल (बायें), चैंप स्क्वायर के डायरेक्टर मनीष सिन्हा (बीच में) और ब्लैकबोर्ड के डायरेक्टर विनय सिंह (दायें) को प्रमाणपत्र सौंपा।

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं।
